जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 172 प्रभात अजमेर, सोमवार 20 जनवरी, 2025 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## महाकुंभ मेला क्षेत्र में गीता प्रेस शिविर में आग लगी

### फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियों ने आग पर काबू किया, कोई जनहानि नहीं हुई

महाकुंभनगर,19 जनवरी। महाकुंभनगर में झूंसी थाना क्षेत्र में लोअर संगम के सेक्टर 19 में रविवार को आग लगने से 18 टेंट जलकर खाक हो गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।

आग लगने की सूचना पर तत्काल मेला अधिकारी विजय किरण आनंद और एसएसपी राजेश द्विवेदी सहित अधिकारी मौके पर पहुंचे।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने कहा कि 4.30 बजे कुंभ क्षेत्र सेक्टर के गीता प्रेस शिविर में आग लगने की सूचना मिली थी। अग्निशमन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। गीता प्रेस के साथ 10 प्रयागवाल के टेंट में भी आग फैलने की सूचना मिली थी जिस पर काबू पा लिया गया है। स्थिति सामान्य है और किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है।

- महाकुंभ मेला क्षेत्र के सैक्टर 19 में शास्त्री पुल के नीचे गीता प्रेस शिविर में लगी आग में गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में खत्म हो गये।
- फायर ब्रिगेड अधिकारियों के अनुसार, खाना बनाते समय गैस सिलैण्डर में ब्लास्ट हो गया। उसके बाद कई सिलैण्डरों में ब्लास्ट हुआ। लगातार ब्लास्ट से आग की लपटें रेलवे ब्रिज से भी ऊँची उठ रही थीं।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (कुंभ) प्रमोद शर्मा ने बताया कि सेक्टर 19 में शास्त्री पुल के नीचे गीता प्रेस के कैंप में आग लगी जिसमें कई शिविर जल कर राख हो गए। गीता प्रेस के 180 कॉटेज आग में जल गए।

फायर ब्रिगेड ने इलाका सील कर दिया है। करीब 15 अग्निशमन की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। कारणों की जांच की जा रही है।

अफसरों के अनुसार, खाना बनाते समय सिलेंडर ब्लास्ट हो गया था। इसके बाद कई सिलेंडर फट गए। प्रमोद शर्मा ने बताया कि करीब 500 लोगों को आग से बचाया गया है।

जानकारी के अनुसार टेंटों में रखे गैस सिलेंडरों में लगातार ब्लास्ट होते रहे। आग इतनी भयानक थी कि लपटें रेलवे ब्रिज से भी ऊंची उठ रही थीं। इसी दौरान ब्रिज से ट्रेन भी निकली। टेंटों में रखे लाखों रुपए के नोट भी इस आग में जल गए। लोगों ने कहा, आधे घंटे तक पटाखे फूटने जैसी आवाज आती रही।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महाकुम्भ मेला क्षेत्र में आग लगने की घटना की पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बताया कि फायर ब्रिगेड एवं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, कोई हताहत नहीं हुआ है और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुआ है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने गीता प्रेस से जुड़े लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अग्निकांड से हुए नुकसान का भी जायजा लिया।

## केजरीवाल पर कोई हमला नहीं हुआ- प्रवेश वर्मा

नयी दिल्ली, 19 जनवरी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर किसी तरह का हमला नहीं हुआ है, बल्कि, वह जनता से सवालों के बचने के लिए सभा स्थल से भाग गये थे।

वर्मा ने रविवार सुबह संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हार रहे हैं इसलिए उन्होंने हमले की झूठी कहानी रची है। उन्होंने कहा कि 12 साल की विधायकी के बाद भी केजरीवाल आज नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में जब प्रचार को जाते हैं तो वहाँ जनता सवाल पूछती है और सवालों का जवाब देने की बजाय वह भाग जाते हैं।

- भाजपा नेता ने कहा, केजरीवाल जनता के सवालों के बचने के लिये भाग गये थे।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल का चुनाव प्रचार पंजाब से आई राशि और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केन्द्र से वार्ता के आमंत्रण के बाद डल्लेवाल ने चिकित्सा सहायता ली

### 55 दिन के अनशन के बाद 70 वर्षीय डल्लेवाल को ग्लूकोज़ चढ़ाया गया

चंडीगढ़ , 19 जनवरी। पटियाला रेंज के डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू और एसएसपी डॉ. नानक सिंह ने आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर उन्हें चिकित्सा सहायता दिलाई। पचपन दिन से अनशन कर रहे 70 साल के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को ग्लूकोज चढ़ाया गया है। डल्लेवाल ने 26 नवंबर को आमरण अनशन पर बैठने के बाद कोई भी चिकित्सा सहायता को लेने से इनकार कर दिया था, लेकिन किसानों की मांगों पर चर्चा के लिए 14 फरवरी को बातचीत के लिए केंद्र का आमंत्रण मिलने के बाद वे शनिवार को चिकित्सा सहायता लेने पर सहमत हो गये।

इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने किसान नेता सुखजीत सिंह हरदोजंडा समेत 122 किसानों को जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन समाप्त करवाया।

- वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने डल्लेवाल के समर्थन में आमरण अनशन कर रहे 122 किसानों को जूस पिलाकर अनशन तुड़ाया।

किसान आंदोलन के इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, अधिकारियों ने किसानों की मांगों पर चर्चा करते हुए समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने किसानों से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की अपील की और शांति बनाए रखने का अनुरोध किया। किसानों द्वारा आमरण अनशन समाप्त करने के बाद इलाके में तनावपूर्ण माहौल कुछ हद तक शांत हो गया है।

हालांकि, किसान नेताओं ने कहा कि डल्लेवाल अपना अनिश्चितकालीन अनशन तब तक खत्म नहीं करेंगे, जब तक कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी नहीं दी जाती।

संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों के साथ बातचीत के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को रविवार को एक बड़ी जीत बताया और अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता लेने के फैसले का स्वागत किया। किसान संगठनों के साझा मंच ने एक बयान में कहा, "संयुक्त किसान मोर्चा, किसान संगठनों के साथ चर्चा करने के केंद्र सरकार के फैसले को एक बड़ी जीत मानता है।

तीन निरस्त कृषि कानूनों के खिलाफ 2020-21 के किसानों के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले इस साझा मंच ने कहा कि किसानों की बढ़ती एकता के कारण सरकार चर्चा करने के लिए मजबूर हुई। बयान के मुताबिक, "एसकेएम अनशन कर रहे किसान नेता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जद ( यू ) ने राहुल गांधी पर जाति जनगणना में ढोंग करने का आरोप लगाया

### जद (यू) के कार्यकारी अध्यक्ष, संजय झा ने कहा, 'इंडिया' की बैठक में जब नीतीश कुमार जाति जनगणना का मुद्दा उठाते, राहुल चुप्पी साध लेते थे

नई दिल्ला, 19 जनवरी। जनता दल (यूनाइटेड) ने जाति आधारित जनगणना के मुद्दे पर राहुल गांधी पर ढोंग करने का आरोप लगाया। जनता दल (यूनाइटेड) की ओर से कहा गया कि इंडिया गठबंधन के घटक दलों की बैठकों में जब नीतीश कुमार इस मुद्दे को उठाते थे तब कांग्रेस नेता चुप्पी साध लेते थे।

दरअसल, एक दिन पहले राहुल गांधी ने पटना में एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए जाति आधारित सर्वेक्षण को फर्जी बताया था और देशभर में जाति आधारित जनगणना की वकालत की थी। इसके बाद जद (यू) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद संजय झा ने कांग्रेस नेता पर निशाना साधा है। झा ने कहा, "इससे बड़ा पाखंड कुछ और नहीं हो सकता। कई जगहों पर 'इंडिया' के घटक दलों की बैठकों में मैंने गांधी (राहुल) को चुप्पी साधे देखा था, जबकि कुमार जाति आधारित जनगणना के पक्ष में दृढ़ता से बोल रहे थे।"

- राहुल गांधी ने एक दिन पहले ही कहा था कि नीतीश कुमार सरकार का जाति आधारित सर्वेक्षण फर्जी है। इसके जवाब में जनता दल (यूनाइटेड) ने यह तीखी प्रतिक्रिया दी।

ज्ञातव्य है कि, नीतीश कुमार की जद (यू) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हाथ मिलाने से पहले 'इंडिया' में शामिल थी। संयोग से बिहार का जाति आधारित सर्वेक्षण उस समय किया गया और जब उसके निष्कर्ष जारी किए गए तब कांग्रेस, कुमार के नेतृत्व वाली सरकार में सहयोगी थी। झा ने कहा कि कुमार एकमात्र नेता थे जिन्होंने जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया था और 'इंडिया' के घटक दल के सभी सदस्य इसके गवाह हैं। बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि 1931 में अंतिम बार देशव्यापी जाति आधारित जनगणना हुई थी इसके बाद से कुमार एकमात्र नेता हैं जिन्होंने वैज्ञानिक तरीके से विभिन्न जातियों की आबादी की जनगणना करने का फैसला किया।

राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को ज्यादा स्पष्ट होना चाहिए और लोगों को बताना चाहिए कि क्या उन्हें लगता है कि बिहार के जाति आधारित सर्वेक्षण में कुछ समुदायों की आबादी अधिक और कुछ की कम बताई गई है। कांग्रेस की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक में उसकी सरकार कई वर्षों से राज्य में जाति आधारित गनगणना के आंकड़ों को दबाए बैठी है। उन्होंने पूछा कि गांधी ने इसे जारी क्यों नहीं कराया?

## गंगा में नाव डूबने से 3 की मौत, 4 लापता

कटिहार, 19 जनवरी। बिहार के कटिहार जिले में रविवार को गंगा नदी में नाव पलट गई। नाव सवार 17 लोगों में से 10 लोग तैरकर किनारे पहुंच गए, लेकिन तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि, चार अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह नौका अमदाबाद इलाके में गोलाघाट के पास पलटी। अधिकारियों ने बताया कि अब तक दस लोगों को बचाया जा चुका है।

जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया, "लापता चार लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।" अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में से दो की पहचान पवन कुमार (60) और सुधीर मंडल (70) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो पाई है।

- कटिहार जिले की घटना में 17 लोग नाव में सवार थे, जिनमें से 10 तैरकर किनारे पहुंच गये।

हादसे का शिकार हुए सभी लोग दक्षिणी करिमुल्ला पुर के मेघू घाट पर नाव में सवार हुए थे और ये लोग गद्दाई दियारा जा रहे थे। इसी दौरान नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। नाव में सवार लोग अमदाबाद के गोला घाट से सकरी (झारखंड) में रिश्तेदार के यहां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सैफ पर हमले के आरोपी को पांच दिन की पुलिस हिरासत

### पुलिस का दावा है कि हमलावर बंगलादेशी नागरिक है, भारत में नाम बदल कर रह रहा था

मुंबई, 19 जनवरी। मुंबई की एक अदालत ने रविवार को अभिनेता सैफ अली खान पर चाकू से हमला करने के आरोपी, बंगलादेशी नागरिक मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को 24 जनवरी तक पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

पुलिस ने आगे की जांच के लिए आरोपी की 14 दिन की हिरासत मांगी थी, लेकिन अदालत ने पांच दिन की हिरासत मंजूर की।

इससे पहले आरोपी को अपराह्न डेढ़ बजे भारी पुलिस सुरक्षा में बांद्रा की अवकाशकालीन अदालत में पेश किया गया।

आरोपी के वकील ने पुलिस के दावों का खंडन करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल बंगलादेशी नागरिक नहीं है और उसके पास अपनी पहचान साबित करने के लिए कई दस्तावेज हैं। वकील ने पुलिस के आरोपों को झूठा करार दिया।

वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल को बलि का बकरा बनाया गया है और इस मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। आरोपी शहजाद पर विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

बांद्रा पुलिस और मुंबई अपराध शाखा के अधिकारियों ने खार थाने में आरोपी से पूछताछ की, जहां आरोपी ने कथित तौर पर अपराध कबूल कर लिया।

- पुलिस ने यह भी दावा किया कि खार थाने में पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध करना कबूल कर लिया।
- दूसरी ओर आरोपी के वकील ने पुलिस के आरोपों को झूठा बताया। उसने यह भी कहा कि उसका मुवक्किल बंगलादेशी नहीं है।

जांच के दौरान, आरोपी ने बार-बार कहा था, हां मैंने ही किया है। मामले की जांच कर रही टीम का हिस्सा रहे एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शहजाद को इस बात की जानकारी नहीं थी कि वह चोरी करने के लिए सैफ के घर में घुसा था।

शहजाद ने पुलिस को बताया कि उसने घटना के बाद टीवी समाचारों में अपनी तस्वीरें देखीं और ठाणे भाग गया। उसने अपना फोन बंद कर दिया और ठाणे में एक श्रमिक शिविर के पास छिप गया। पुलिस उसके फोन के अंतिम ज्ञात स्थान को ट्रैक करते हुए ठाणे पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। सैफ पर हमले के करीब 70 घंटे बाद शनिवार को मुंबई पुलिस ने शहजाद को गिरफ्तार किया।

पुलिस का कहना है कि शहजाद ने भारत में प्रवेश करने के बाद अपना नाम बदलकर विजय दास रख लिया था। वह पिछले छह महीनों से मुंबई में रह रहा था। अधिकारियों के अनुसार, अपराध के पीछे उसका कथित मकसद लूटपाट करना था।

देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के बाद, शहजाद मुंबई में बस गया और मुंबई के बाहरी इलाके में स्थित ठाणे के एक बार में काम करने लगा। उसने हमले से ठीक एक सप्ताह पहले बेहतर नौकरी की तलाश में अपनी नौकरी छोड़ दी थी। पुलिस के अनुसार, शहजाद के पास कोई वैध भारतीय पहचान दस्तावेज भी नहीं था।

आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने इमारत के अंदर जाने के लिए पीछे की सीढ़ि यों और एयर-कंडीशनिंग पाइप का इस्तेमाल किया। उसने यह भी कहा कि पहली बार वो इमारत में घुसा था।

## मुकेश व नीता अंबानी ट्रंप से मिले

वॉशिंगटन/नयी दिल्ली, 19 जनवरी। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की अध्यक्ष नीता अंबानी ने वाशिंगटन में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से उनके शपथ ग्रहण समारोह से पहले मुलाकात की। ट्रंप अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं और उनका शपथ ग्रहण समारोह 20 जनवरी को आयोजित होगा।

सूत्रों के अनुसार, अंबानी और नीता अंबानी अमेरिका के उन चुनिंदा भारतीयों में शामिल थे, जिन्हें ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले आयोजित विशेष रात्रिभोज में शामिल होने का अवसर मिला। इस आयोजन में कई प्रभावशाली अमेरिकी उद्योगपति, राजनेता, विदेशी गणमान्य लोग और हस्तियां भी उपस्थित थीं।

- अंबानी दंपती ट्रंप के शपथ ग्रहण से पूर्व आयोजित कैंडल लाइट डिनर में शामिल हुए 100 विशेष अतिथियों में एक हैं।

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब अंबानी और ट्रंप परिवार एक-दूसरे से मिले हों। वर्ष 2017 में डॉनल्ड ट्रंप की बेटी इवांका ट्रंप ने हैदराबाद में आयोजित ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट में हिस्सा लिया था, जिसमें मुकेश अंबानी भी उपस्थित थे। इसके अलावा फरवरी 2020 में ट्रंप की भारत यात्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दुष्कर्म पीड़ित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

### चार लोगों पर दुष्कर्म की एफआईआर थी, एक गिरफ्तार हुआ, बाकी 3 की फब्तियों से तंग आकर महिला ने यह कदम उठाया

भरतपुर, 19 जनवरी (निसं)। उच्चैन थाना क्षेत्र में एक दुष्कर्म पीड़िता महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के पति ने चार लोगों पर दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज करवाई थी, जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, बाकी 3 आरोपी अभी बाहर थे, जो लगातार महिला पर फब्तियां कस रहे थे। कहा जा रहा है कि महिला के इलाज में भी गंभीर लापरवाही बरती गई।

महिला के पति ने आरोप लगाया है कि जब वह अपनी पत्नी को उच्चैन अस्पताल लेकर गया तो वहां से उसे बिना उपचार दिए आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया और जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। महिला के शव को जिला आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। फिलहाल परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं करवाया है। पुलिस परिजनों से समझाइश कर रही है। महिला के पति ने बताया कि उसकी पत्नी घर पर अकेली थी और बाथरूम में नहा रही थी। इस दौरान उसके पड़ौसी घर में घुस आये और महिला के अश्लील फोटो व वीडियो बना लिए। इस बात का महिला को पता नहीं लगा। उसी दिन जब महिला अपने घर से खेत पर जा रही थी तो उसके पड़ौसी ने उसे रोककर अश्लील वीडियो-फोटो दिखाए, साथ ही धमकी दी कि अगर उसने किसी को वीडियो-फोटो के बारे में बताया तो, वह महिला के बेटे को जान से मार देगा। फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पड़ौसी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। नवंबर में महिला अपने पति और बच्चों के साथ जयपुर चली गई। आरोपी जयपुर पहुंच गया और वीडियो फोटो वायरल करने की धमकी देकर जयपुर के होटल में भी उसके साथ दुष्कर्म किया।

- कल गाँव में एक शादी में महिला पर आरोपियों ने फिर फब्तियां कसीं कि तेरे अश्लील वीडियो व फोटो हमारे पास हैं। दुखी महिला ने घर आकर पति को बताया। सुबह जब पति मजदूरी के लिये से गया, तब महिला ने फांसी लगा ली।
- पति ने आरोप लगाया कि वह पत्नी को उच्चैन अस्पताल लेकर गया, पर वहाँ से बिना उपचार आरबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

आरोपी ने होटल में भी महिला के अश्लील फोटो वीडियो बनाए। बाईस अक्टूबर को आरोपी ने महिला को फोन किया और उसे बताया कि उसके पास महिला के होटल और उसके घर के अश्लील फोटो वीडियो हैं, अगर वह भरतपुर नहीं आई तो, वह उन्हें वायरल कर देगा। भयभीत महिला ट्रेन से भरतपुर आई।

आरोपी ने एक मकान में महिला के साथ फिर से दुष्कर्म किया। जब महिला का पति जयपुर अपने घर लौटा तो उसे उसकी पत्नी नहीं मिली, उसने अपनी पत्नी से संपर्क किया। तब आरोपी 23 अक्टूबर को अपने साथियों के साथ महिला को अपनी गाड़ी में कहीं ले गया। इस दौरान सभी आरोपी बात कर रहे थे कि वह महिला को दिल्ली ले जाते हैं और वहां बेच देते हैं। 24 अक्टूबर को आरोपियों ने महिला को छोड़ दिया जिसके बाद वह अपने घर आ गई। जिसके बाद महिला ने अपने पति को सारी घटना के बारे में बताया।

महिला के पति ने उच्चैन थाने में 4 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुये एक आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे जेल भेज दिया। महिला के पति ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ हमने एफआईआर दर्ज करवाई थी। उसमें एक व्यक्ति को पुलिस ने जेल भेज दिया बाकी 3 अभी भी बाहर हैं।

कल गांव में एक शादी थी, जहां महिला को देख आरोपी फब्तियां कसने लगे कि तूने हमारा क्या कर लिया। हम भी बाहर हैं और हमारे पास तेरे अश्लील वीडियो और फोटो भी हैं। महिला ने घर आकर अपने पति को घटना के बारे में बताया। रविवार की सुबह महिला का पति मजदूरी के लिए घर से निकल गया, जिसके बाद महिला ने अपने कमरे में ही फांसी लगा ली। घर के बाकी के लोगों ने महिला को फांसी के फंदे से लटकता देखा तो, उसके पति को फोन किया। पति तुरंत घर लौटा और महिला को उच्चैन सीएचसी लेकर गया। जहां से महिला को आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। महिला के पति का आरोप है कि उच्चैन अस्पताल में अगर महिला को इलाज दे दिया जाता तो, महिला की जान बच सकती थी।

इमरजेंसी में बैठी डॉक्टर सुरेखा ने बताया कि महिला का उच्चैन से बना हुआ जो रेफर कार्ड है, उसमें कोई भी ट्रीटमेंट नहीं है।

महिला के कोई कैनुला या ड्रिप भी नहीं लगाई गई है। महिला को 108 एम्बुलेंस के द्वारा लाया गया है। उच्चैन अस्पताल में महिला को ट्रीटमेंट देना चाहिए था। उसके बाद एम्बुलेंस में भी महिला को इलाज देना चाहिए था।

## पहले बेटा-बहू को गोली मारी, बाद में खुद फांसी लगाई

हिसार, 19 जनवरी। हरियाणा के हिसार में शराब पीने से रोकने से खफा होकर एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) ने रविवार सुबह बेटे और बहू को गोली मार दी तथा कुछ घंटे बाद खुद को फांसी लगा ली। तीनों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- हिसार में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) ने शराब पीने से रोकने पर यह कांड किया। बेटा और बाप की हालत गंभीर है।

पुलिस के अनुसार हिसार शहर के नजदीक बीड़ बाबरान गांव में सुबह करीब 11 बजे पुलिस अधिकारी कश्मीर सिंह ने बेटे लवलप्रीत सिंह (26) और बहू गुरप्रीत कौर (24) को गोली मारी। गुरप्रीत ने मीडिया के सामने

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

सारा हिन्दुस्तान गुलामी में घिरा हुआ नहीं है। जिन्होंने पश्चिमी शिक्षा पाई है और जो उसके पाश में फँस गए हैं, वे ही गुलामी में घिरे हुए हैं।

–महात्मा गाँधी

# यह तो क्रूर और अमानवीय है!

मैं बहुत बरस पहले नौकरी से रिटायर हो चुका हूं। नौकरी भी सरकारी थी, जिसके लिए यह बात बार-बार कही जाती है कि वहां काम का दबाव कम होता है। फिर मैंने तो पढ़ाने की नौकरी की जिसे और अधिक सुविधापूर्ण माना जाता है। जब मैंने नौकरी की, तब से अब तक आते-आते हालात बहुत बदल चुके हैं। अब सरकारी नौकरियां कम होती जा रही हैं क्योंकि सरकार कहे या बिना कहे अपने बहुत सारे काम निजी क्षेत्र की तरफ खिसकाती जा रही है। निजी क्षेत्र का सोच बहुत अलग होता है। वह अपने लाभ-हानि को सर्वोपरि समझता है। सरकार जैसी उदारता और जन कल्याण की भावना उसमें नहीं होती है। सरकार अगर किसी को नौकरी देती थी तो उसके पीछे काम करवाने के साथ-साथ आजीविका देने और एक सम्मानप्रद ज़िंदगी जीने के अवसर उपलब्ध कराने का भाव भी होता था। निजी क्षेत्र का सोच अलग होता है। बेशक निजी क्षेत्र बहुत बार सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र से बहुत ज़्यादा वेतन और अन्य सुविधाएं देता है, लेकिन यह करते हुए वह इस बात पर भी नज़र रखता है कि आपको जितना दे रहा है, उतना या उससे अधिक आपसे ले ले। हां, अपनी कल्याणकारी छवि बनाए रखने के लिए वह छोटे-मोटे दान वगैरह भी करता और उनका भरपूर प्रचार करता रहता है। सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) हमने बहुत बार सुना है। ऐसा नहीं है कि सारा का सारा निजी क्षेत्र ऐसा है, लेकिन अपवाद बहुत ही कम हैं।

हाल में एक बहुत बड़ी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी एलएंड टी (लार्सन एण्ड टूब्रो) के चेयरमैन एवं मैनेजिंगडाइरेक्टर एसएन सुब्रह्मण्यम ने जब कर्मचारियों के सप्ताह में नब्बे घंटे काम करने की बात कही तो पूरे देश में इस पर चर्चाएं हुईं। उन्होंने कहा, "चीनी लोग सप्ताह में 90 घंटे, जबकि अमरीकी लोग सप्ताह में केवल 50 घंटे काम करते हैं। अगर आपको दुनिया में सबसे ऊपर रहना है तो हफ्ते में 90 घंटे काम करना होगा।" वे इतना कहकर ही नहीं रुके। अपनी बात को और वज़नदार बनाते हुए उन्होंने कहा, "अगर मैं रविवार को भी काम करवा पाता तो मुझे खुशी होगी, क्योंकि मैं ख़ुद रविवार को काम करता हूं। लोगों को रविवार को ऑफिस जाना चाहिए। घर पर रहकर क्या करेंगे और कब तक बीबी को घूरेंगे?" मैं अनुमान लगाता हूं कि जब वे रविवार को भी काम करवाना चाहते हैं तो पांच दिन वाले सप्ताह, जिसमें शनिवार की भी छुट्टी होती है, के बारे में तो सोचते ही नहीं होंगे। मैंने कैलकुलेटर लेकर गिनती की तो पाया कि अगर सप्ताह में पांच दिन काम करते हैं तो सप्ताह के नब्बे घंटे पूरे करने के लिए हर दिन अठारह घंटे काम करना होगा। यह शायद संभव न हो, तो फिर सप्ताह में छह दिन के हिसाब से गणना की। पाया कि हर रोज़ पंद्रह घंटे काम करेंगे तो सप्ताह के नब्बे घंटे पूरे होंगे। और अगर सातों दिन काम करें तो लगभग तेरह घंटे (उससे थोड़ा ही कम) काम करने पर सप्ताह के नब्बे घंटे पूरे होंगे। अगर हम सातों दिन वाली बात (जो बहुत व्यावहारिक नहीं है) भी मान लें तो कर्मचारी सुबह नौ बजे ऑफिस पहुंचे और बिना खाये-पिए रात दस बजे तक काम करे, तब वह सुब्रह्मण्यम साहब की अपेक्षाओं पर खरा उतर सकेगा। अब यह तो संभव है नहीं कि हर कर्मचारी अपने ऑफिस के परिसर में ही रहता हो। उसे घर से ऑफिस आने-जाने में भी कुछ समय लगेगा। अगर एक तरफ एक घंटा भी लगे तो वह सुबह आठ बजे घर से निकले और रात ग्यारह बजे तक घर पहुंचे। सप्ताह में एक दिन उसे छुट्टी का मिले, उस दिन वह अन्य ज़रूरी काम निपटाए। अगर पति-पत्नी दोनों नौकरी करते हों, और उनके एक-दो बच्चे भी हों तो क्या स्थिति बनेगी? बच्चों को तो शायद अनाथालय में ही भेजना होगा।

**एलएंड टी के चेयरमैन महोदय जब ख़ुद के लिए यह कहते हैं कि वे रविवार को भी काम करते हैं, तब वे इस बात को क्यों नहीं बताते कि उनका वेतन कितना है। एक जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में उन्हें 51.05 करोड़ वार्षिक वेतन मिला था और यह उनकी कंपनी के कर्मचारियों के औसत वेतन का 534.57 गुना था। क्या वे अपने कर्मचारियों को भी वैसा ही वेतन देना चाहेंगे?**

मैं साहित्य का विद्यार्थी हूं और कला-साहित्य-संगीत-फ़िल्म वगैरह में रुचि रखता हूं। मुझे मिर्ज़ा ग़ालिब याद आए, और उनके साथ ही गुलज़ार भी याद आए। मिर्ज़ा ग़ालिब की एक बहुत लोकप्रिय ग़ज़ल मुद्दत हुई है यार को मेहमां किए हुए के एक अत्यधिक लोकप्रिय शेर को आधार बनाकर गुलज़ार ने फ़िल्म 'मौसम' (1975) के लिए एक गाना लिखा था, जिसमें ग़ालिब के जी ढूंढता है को बदल कर दिल ढूंढता है कर दिया था। इसमें गुलज़ार ने लिखा था-दिल ढूंढता है फिर वही फुर्सत के रात दिन/ बैठे रहें तसव्वुर-ए-जाना किए हुए/ जाड़ों की नर्म धूप और आंगन में लेटकर/ आंखों पर खींच कर तेरे आंचल के साये को/ औंधे पड़े रहें कभी करवट लिये हुए।।"

मैं सोचने लगा हूं, सुब्रह्मण्यम साहब के कर्मचारी के लिए तो ऐसा सोचना भी भयंकर वाला अपराध होगा। वे तो पत्नी (सॉरी, बीबी) को घूरने तक नहीं देना चाहते, आंगन में उसके आंचल के साये को आंखों पर डाल कर लेटने की क्या बात करें! इस गीत के बारे में सोचते-सोचते मुझे एक और गीत याद आया, जो मेरा बहुत पसंदीदा है। असल में लता मंगेशकर और हेमंत कुमार ने हिंदी फ़िल्मों के लिए कुछ बेहद सुरीले युगल गीत गाए हैं। यह उनमें से एक है। 1954 में बनी फ़िल्म 'बादशाह' के लिए हसरत जयपुरी के लिखे एक गीत 'आ नीले गगन तले प्यार हम करें में ये पंक्तियां आती हैं: ये शाम की बेला ये मधुर मस्त नज़ारे/ बैठे रहें हम तुम यूँ ही बांहों के सहारे/वो दिन ना आए इंतज़ार हम करें" और कम्बख़्त नायिका इतने भर से संतुष्ट नहीं होती है। गीत में आगे वह कहती है: तू माँग का सिंदूर तू आँखों का है काजल/ ले बांध ले दामन के सलारों से ये आँचल/ सामने बैठे रहो श्रृंगार हम करें..।" अब सोचिये, सुबह आठ बजे घर निकल कर पूरे दिन ऑफिस में खटकर रात ग्यारह बजे घर लौटने वाले किस कर्मचारी के लिए अपनी 'बीबी' को शृंगार करते देखना मुमकिन हो सकता है! यहीं यह भी याद कर लिया जाना उचित होगा कि सुब्रह्मण्यम साहब के इस वक्तव्य से पहले एक अन्य अति प्रतिष्ठित भारतीय कंपनी इन्फोसिस के को-फाउण्डर नारायण मूर्ति जी भी सप्ताह में सत्तर घंटे काम करने की सलाह दे चुके हैं। इन दोनों बयानों को एक साथ पढ़ने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारे यहां निजी क्षेत्र की आकांक्षा एक ही है, कि अपने कर्मचारी का जितना दोहन करना संभव हो कर लिया जाए। इस दोहन का उसकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर, उसके पारिवारिक जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है, इस बारे में उनको कोई परवाह नहीं है।

यह बात हर कोई जानता है कि हर व्यक्ति की शारीरिक और मानसिक अवस्था समान नहीं होती है। कोई कम काम कर सकता है, कोई ज़्यादा। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि एक सप्ताह में औसतन पैंतीस से चालीस घंटे काम करवाया जाना आदर्श है। उनका कहना है कि अगर किसी व्यक्ति से सप्ताह में पचास या उससे अधिक घंटे काम लिया जाएगा तो यह बात उसके मानसिक तनाव, थकन और अनेक शारीरिक व्याधियों का कारण बन सकती है। इधर के अनेक अध्ययनों ने तो यह भी बताया है कि जो लोग सप्ताह में पच्चीस से चालीस घंटे काम करते हैं उनकी उत्पादकता और मानसिक स्वास्थ्य दोनों ही बेहतर होते हैं। शायद इसीलिए यह भी सलाह दी जाती है कि काम के बीच ब्रेक किया जाना चाहिए और परिवार, दोस्तों और अपनी रुचियों के लिए भी नियमित रूप से समय निकालना चाहिए। लेकिन यह सब तो तभी संभव होगा जब काम के घंटे कम होंगे। सप्ताह में नब्बे घंटे काम करने की अनुशंसा करते हुए क्या इन बातों की तरफ ध्यान नहीं गया होगा? अगर न गया हो तो जाना चाहिए।

एक आदर्श स्थिति तो यह हो कि कर्मचारी से उसकी क्षमता के अनुसार काम लिया जाए, और उसे तदनुसार ही वेतन भी दिया जाए। यह बात तो न्याय संगत नहीं है कि किसी से काम तो दो व्यक्तियों का लिया जाए और वेतन उसे एक ही व्यक्ति का दिया जाए। एलएंड टी के चेयरमैन महोदय जब ख़ुद के लिए यह कहते हैं कि वे रविवार को भी काम करते हैं, तब वे इस बात को क्यों नहीं बताते कि उनका वेतन कितना है। एक जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में उन्हें 51.05 करोड़ वार्षिक वेतन मिला था और यह उनकी कंपनी के कर्मचारियों के औसत वेतन का 534.57 गुना था। क्या वे अपने कर्मचारियों को भी वैसा ही वेतन देना चाहेंगे? और बात केवल वेतन की नहीं है। अधिक वेतन का आकर्षण या उसे प्राप्त करने की विवशता किसी को मौत के मुंह में ले जाए तो क्या ले जाने दिया जाना चाहिए? यह याद किया जा सकता है कि पूरी दुनिया में छुट्टियों का प्रावधान क्यों किया जाता है? अपने कर्मचारियों से प्रति सप्ताह नब्बे घंटे काम लेने की आकांक्षा रखने वालों के सोच की क्रूरता और अमानवीयता पर हमारा ध्यान जाना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल,**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# धूप निकलने से सर्दी से राहत मिली, खेतों में महकने लगी सरसों की फसल

## सरसों की फसल की सुरक्षा के लिए खेतों पर किसान परिवार सहित दिन के साथ रात में भी पहरेदारी करने में लगे हुए हैं

**सादुलपुर, (निसं)।** राजगढ़ तहसील के हरियाणा सीमावृति ग्रामीण सिंचित क्षेत्र में इन दिनों सरसों में जमकर महकने लगी है, जिससे खेतों में लंबी दूरी तक सरसों की लहलहाती फसल किसानों के लिए खुशी बनी हुई है एवं उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। वहीं किसान अपनी सरसों की फसल की सुरक्षा के लिए किसान अपने खेतों पर परिवार सहित दिन के साथ रात में पहरेदारी करने में लगे हुए हैं।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि कड़ाके की सर्दी के दौर के साथ ही सरसों यानी पीले सोने ने अपनी महक और बढ़ा दी है। हालात ये है कि सरसों में इन दिनों जमकर फूल आने लगे हैं। वहीं कुछ जगह सरसों के पौधों में फली आने के साथ दाने भी बनने लगे हैं, जिससे किसानों को इस वर्ष सरसों का अच्छा उत्पादन होने की उम्मीद बनी हुई है। भाकरां, सुधिवास, खैरु बड़ी, खैरु छोटी, बीराण, बालाण, ढाणी चनाणी, जीरामबास आदि गांवों में

**■ 'अबकी बार सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो पीना सोना इस बार किसानों को मुनाफे की खेती साबित होगी'**

सरसों की फसल गत दिनों हुई दो बार मावठ से चारों ओर खेतों में लहराने लगी है।

किसान राजरूप भाकर, बनवारीलाल मेहरा व चंद्रभान मितड आदि ने बताया कि अबकी बार सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो पीना सोना इस बार किसानों को मुनाफे की खेती साबित होगी। किसानों ने बताया कि इस बार तापमान अधिक होने से सरसों की बुवाई कुछ खेतों में नवंबर महीने के आखिरी में की गई थी, जो कि वह फसल कमजोर थी जो दिसंबर एवं जनवरी महीने में मावठ एवं सर्दी से ठीक होकर लहराने लगी है।



**राजगढ़ तहसील के हरियाणा सीमावृति गाँवों में खेतों में सरसों की लहलहाती फसल किसानों के लिए खुशी बनी हुई है।**

# राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जोधपुर में वाइस चांसलर्स सम्मेलन संपन्न

## दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर के 22 वाइस चांसलर्स ने भाग लिया

**जोधपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर (एनएलयूजे) में आयोजित दो दिवसीय वाइस चांसलर्स सम्मेलन-2025 "भारत में कानूनी शिक्षा का भविष्य" विषय का रविवार को समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर के 22 वाइस चांसलर्स ने भाग लिया। सम्मेलन ने कानूनी शिक्षा में नवाचार और सुधारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया।

समापन सत्र में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और कुलाधिपति न्यायमूर्ति एम.एम. श्रीवास्तव, कुलपति प्रोफेसर हरप्रीत कौर और कुलसचिव डॉ. सुनीता पंकज उपस्थिति रहे। समापन सत्र में पिछले दो दिनों की चर्चाओं का सारांश प्रस्तुत किया गया, जिसमें कानूनी शिक्षा में सुधार, अंत:विषय दृष्टिकोण और तकनीकी एकीकरण पर विशेष चर्चा हुई। कुलाधिपति न्यायमूर्ति एम.एम. श्रीवास्तव ने समाज की बदलती आवश्यकताओं के साथ विकसित होने वाली और नैतिक आधारों को बनाए रखने वाली कानूनी शिक्षा प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन ने कानूनी शिक्षा को समावेशी, अभिनव और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाया है।

**■ सम्मेलन ने कानूनी शिक्षा में नवाचार और सुधारों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया**

कुलपति प्रोफेसर हरप्रीत कौर ने सम्मेलन की सफलता में योगदान देने वाले सभी वाइस चांसलर्स और एनएलयूजे की टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्थानों के बीच सहयोग कानूनी शिक्षा को परिभाषित करने के लिए आवश्यक है। एनएलयूजे इस परिवर्तनकारी यात्रा में नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कानूनी क्षेत्र में प्रभावकारी बदलाव के लिए सतत संवाद और ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कुलसचिव डॉ. सुनीता पंकज ने सम्मेलन की सार्थक चर्चाओं और निष्कर्षों को रेखांकित करते हुए इसे एनएलयूजे की यात्रा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि वाइस चांसलर्स और नीति-निर्माताओं द्वारा साझा किए गए विचार कानूनी शिक्षा प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए एक दिशा-निर्देश के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने सम्मेलन की सफलता में एनएलयूजे के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। एनएलयूजे ने कानूनी शिक्षा में सुधार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और भविष्य में भी ऐसे संवाद जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। वाइस चांसलर्स सम्मेलन 2025 ने कानूनी शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार को बढ़ावा देने के सामूहिक संकल्प के साथ समापन किया।

# जोधपुर नगरी हुई श्याममय, एक साथ श्याम बाबा की सौ मूर्तियों की स्थापना हुई

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थानभर में खाटू वाले श्याम बाबा के लगातार बढ़ते जा रहे पर्चे के बीच जोधपुर के श्याम भक्ति और सामाजिक सरोकारों को समर्पित श्याम भक्ति सेवा संस्थान ने "घर-घर श्याम हर घर श्याम" अभियान के तहत जोधपुर के गीता भवन में श्याम बाबा की 100 मूर्तियों की स्थापना की। इससे पूर्व शनिवार की शाम को विधि-विधान से सामूहिक पूजन और वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पंडितों के मंत्रोच्चारण के बाद बाबा के जयकारे लगाते हुए श्याम भक्त श्याम बाबा की मूर्ति को लेकर अपने-अपने मंदिरों में लगाने के लिए जाते नजर आए। श्याम भक्ति सेवा संस्थान की अध्यक्ष मोनिका प्रजापत ने बताया कि, खाटू वाले श्याम बाबा के अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य के तहत हमारी संस्था के नीतिगत निर्णय के चलते जोधपुर के विभिन्न मंदिरों, शिक्षण संस्थाओं, चिकित्सालयों, विश्वविद्यालयों, सामाजिक संगठनों, सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों और विभिन्न प्रतिष्ठानों में श्याम बाबा की 100 मूर्तियां लगाने के संकल्प को साकार करते हुए अभियान को रविवार को गीता भवन में पूरा किया गया। यह आयोजन बिजौलाई आश्रम के महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज, बड़ा रामद्वारा सूरसागर के मुख्य गादीपति राम प्रसाद महाराज, रामस्नेही सन्त अमृता राम महाराज, हाईकोर्ट न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग, मेडिटेशन विशेषज्ञ संगीता गर्ग, एनसीबी डायरेक्टर घनश्याम सोनी और गीता प्रचार मंडल के सचिव राजेश लोढ़ा के सानिध्य में किया गया। कार्यक्रम की आयोजन समिति में शामिल राजकुमार रामचंदानी, जगदीश कुमार, कृष्णा गौड़, लक्की गोयल, हेमंत लालवानी, रमेश खंडेलवाल, जीवन जाखड़, पुखराज जांगिड़, मोहित हेड़ा, जितेन्द्र राजपुरोहित, दीक्षित, कन्हैयालाल, नीतू कच्छवाहा, मंजू प्रजापति, रश्मि जांगिड़, ललिता शर्मा, प्रदीप कुमार, मनीष गहलोत, नवीन भाटी, गौतम उपाध्याय और बिंदु टाक ने अतिथियों का स्वागत किया।

**■ श्याम भक्ति सेवा संस्थान ने "घर-घर श्याम हर घर श्याम" अभियान के तहत जोधपुर के गीता भवन में श्याम बाबा की 100 मूर्तियों की स्थापना की**

इस अवसर पर उल्लेखनीय सेवाओं के लिए समाजसेवी जीवन जाखड़, रमेश खंडेलवाल पुखराज जांगिड़, कन्हैयालाल सबनानी, मूर्तिकार रूक्मा बावरी, जलाल खान, शहजाद खान और महेंद्र गहलोत को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज ने श्याम बाबा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए जोधपुर में श्याम बाबा की भक्ति के इस अनूठे उदाहरण की सराहना करते हुए कहा कि श्याम बाबा का पर्चा अब पूरे पश्चिम में राजस्थान और मारवाड़ में भी सर चढ़कर बोले रहा है, संस्थान द्वारा जिस उद्देश्य से संकल्प लेकर इसे पूरा किया गया है यह अपने आप में विशिष्ट बात है ही लेकिन जिस तरह श्याम भक्त बड़ी संख्या में उमड़े है यह इस बात का धोतक है कि आने वाले समय में और अधिक श्याम बाबा की मूर्तियां लगानी पड़ेगी।

बड़ा रामद्वारा के मुख्य महंत रामप्रसाद महाराज ने श्याम भक्ति सेवा संस्थान द्वारा श्याम भक्तों के लिए घर-घर श्याम हर घर श्याम अभियान को संकल्प लेकर पूरा करने की बधाई देते हुए कहा कि श्याम भक्तों के सामूहिक प्रयास से इस तरह का अपने आप में एक अनूठा कार्य किसी रिकॉर्ड से काम नहीं है लेकिन इस रिकॉर्ड में हजारों लाखों करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को स्थान मिला है यह बड़ी बात है।

राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पति मनोज कुमार गर्ग ने श्याम बाबा के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि, हारे के सहारे के नाम से विख्यात खाटू वाले श्याम बाबा के प्रति श्याम भक्तों का जिस तरह भाव उमड़कर सामने आ रहा था उसको और मजबूत करने के लिए श्याम भक्ति सेवा संस्थान ने एक साथ 100 मूर्तियां की पूजा-अर्चना कराकर विधि-विधान से वितरण करना, श्याम बाबा के अलावा श्याम भक्तों के सम्मान करने जैसा है, यह संकल्प भावनाओं से जुड़ा हुआ है इसे शब्दों में विवेचित नहीं किया जा सकता।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के निदेशक घनश्याम सोनी ने बाकायदा शंख बजाकर कार्यक्रम का शंखनाद किया और कहा कि श्याम बाबा के प्रति करोड़ों लोगों की श्रद्धा जुड़ी हुई है, मगर सूर्यनगरी जोधपुर में श्याम भक्ति सेवा संस्थान द्वारा जिस तरह की पहल की गई है उसी से लगता है कि खाटू श्याम की तरह जोधपुर भी श्याम बाबा की पूजा-अर्चना के लिए अपनी एक अलग पहचान कायम करेगा। गीता प्रचार मंडल के सचिव राजेश लोढ़ा ने आयोजन को लेकर आभार जताया।

# प्रदेश स्तरीय आयुर्वेद नर्सेज़ आमुखीकरण कार्यक्रम शुरू

**जोधपुर, (कासं)।** रातानाडा स्थित यूथ हॉस्टल में आयोजित प्रदेश स्तरीय आयुर्वेद नर्सेज़ आमुखीकरण कार्यक्रम के अंतिम बैच का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से नर्सेज को संबोधित करते हुए कहा कि आयुर्वेद नर्सेज समाज के स्वास्थ्य का आधार हैं। आपकी सेवा भावना और ज्ञान से आयुर्वेद को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने नर्सेज को उनके कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने और आयुर्वेद की छवि को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर डाबर इंडिया लि. के प्रहलाद राय अतिरिक्त निदेशक जोधपुर संभाग डॉ. राजीव लोचन शर्मा, उप निदेशक डॉ. शरीफ खान और जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रभारी डॉ. अशोक कुमार मित्तल उपस्थित थे। उन्होंने नर्सेज को समाज में अपनी सेवाओं को सर्वजन हिताय की भावना से करने के लिए प्रेरित किया। आज के सत्र में बीकानेर से डॉ. जितेंद्र कुमार भाटी, उदयपुर से डॉ. शोभालाल औदिच्य और डॉ. हेमलता सोनी ने अपने विचार रखे। उन्होंने नर्सिंग के दायित्व, औषधियों के प्रबंधन और समुदाय में नर्सेज की भूमिका पर चर्चा की। आयोजन में डॉ सुखवीर सिंह, डॉ. रामलाल, व. कम्पाउंडर अब्दुल सलाम चिश्ती, सलीम सुल्तान, महेंद्र डूडी, विक्रम, मालाराम, अनोपाराम ने सहयोग किया।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### सोमवार 20 जनवरी, 2025


माघ मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, हस्त नक्षत्र रात्रि 8:30 तक, सुकर्मा योग रात्रि 2:52 तक, वणिज करण प्रात: 9:59 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-धनु, गुरू-वृष, शुक्र-कुम्भ, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज कुमार योग सूर्योदय से सम्पूर्ण दिन 9:59 तक है। रवियोग रात्रि 8:30 तक रहेगा। भद्रा प्रात: 9:59 से रात्रि 11:19 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:40 तक, शुभ 9:59 से 11:18 तक, चर 1:57 से 3:16 तक, लाभ-अमृत 3:16 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:21, सूर्यास्त 5:55



**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।



**मिथुन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्चाधिकारियों की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।



**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।




**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।



**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा नहीं है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।



**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित

■ पंचायत समिति स्थित प्रताप सर्कल पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सर्व समाज ने दी वीर योद्धा को श्रद्धांजलि

**आसींद,** (निसं)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर आसींद कस्बे के पंचायत समिति स्थित प्रताप सर्कल पर महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए संस्थान के अध्यक्ष तेजवीर सिंह चुंडावत ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत समिति स्थित प्रताप सर्कल पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ सर्व समाज के लोग एकत्रित हुए और मेवाड़ के इस महान सपूत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन और उनके द्वारा किए गए त्याग और बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने उनके शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति की गाथाओं का वर्णन किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिये। इस अवसर पर



आसींद में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के त्याग, बलिदान और शौर्य का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने विषम परिस्थितियों में भी मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की और आजीवन स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करते रहे। उनके द्वारा दिखाए गए साहस और पराक्रम को सदैव याद रखा जाएगा।महाराणा प्रताप सेवा संस्थान अध्यक्ष तेजवीर सिंह चुंडावत सचिव मनोहर सिंह भवानी सिंह शेखावत मंगल सिंह बड़ा खेड़ा नगर पालिका उपाध्यक्ष विक्रम सिंह चुंडावत, पार्षद परशराम सोनी, पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, किरण सिंह चुंडावत, भेरू सिंह, निर्मल सिंह फौजी, तेजपाल सिंह, सुशील सिंह, उम्मेद सिंह, विजयपाल सिंह, घनश्याम सिंह, पार्षद नितिन टेलर निर्मल सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## त्रिशुल दीक्षा का हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में आज जहाजपुर बस स्टैंड पर एक विशाल त्रिशूल दीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें तहसील भर से सैकडो स्वयंसेवक त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम मे पहुचे और बजरंग दल की त्रिशूल दीक्षा ली। वहीं त्रिशूल दीक्षा के बाद बस स्टेण्डे पर एक सौर्य सभा आयोजित हुई जिसको बजरंग दल प्रखंड संयोजक योगेश रेनवाल, चितौड़ प्रान्त सहमंत्री युधिष्ठिर हाडा सहित कही लोगो ने शोर्य सभा को सम्बोधित किया।वही बाद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर मे शौर्य यात्रा निकाल जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कीर समाज धर्मशाला में सौर्य सभा का समापन हुआ।शौर्य यात्रा के दौरान नगर मे सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने भारी पुलिस बल तैनात किया।पुलिस की हर गतिविधि पर पेनी नजर बनी रही चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात रहे। बाद कर समाज धर्मशाला में सभी स्वयंसेवक का सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ।

# 'संघ ने हिंदू समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है'

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम ने प्रबोधन देते हुए कहा कि आज देश में भ्रम फैलाया जा रहा है कि संघ एंटी मुस्लिम है, जबकि संघ में सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले स्वयंसेवक सक्रिय है। सनातन संस्कृति में सभी धर्मों के लोगों का मान सम्मान होता है। ऐसे में संघ एंटी मुस्लिम हो ही नहीं सकता। लेकिन संघ हिंदुत्व का समर्थक है और जब हम हिंदू राष्ट्र की बात कहते हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि देश में सिर्फ हिंदू ही रहेंगे। असल में हिंदुत्व एक जीवन पद्धति है। जिसमें सभी धर्मों के लोगों का सम्मान होता है। हिंदू कभी भी दूसरे धर्म के लोगों पर आक्रमण नहीं करता।

निंबाराम ने संबोधित करते हुए कहा कि यही वजह है कि आज ऐसे घुमंतू स्वयं को हिंदू होने पर गर्व महसूस करते हैं। अकेले राजस्थान में 14 आवासीय छात्रावास चल रहे हैं, जिनमें घुमंतू जातियों के परिवारों के बच्चे पढ़ाई कर रहे है, उन्होंने कहा कि वर्ष 1925 में जब डॉ. हेडगेवार ने संघ की स्थापना की थी, तब देश विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहा था। तब यह माना गया कि हेडगेवार के बाद संघ समाप्त हो जाएगा, लेकिन हेडगेवार के बाद जिन लोगों ने संघ की कमान संभाली उसका परिणाम देश के सामने है। संघ के हिंदू समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यही वह है कि आज हिंदू समाज के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं, उन्होंने कहा कि जब लक्ष्य पास होता है तो काम की गति को और बढ़ाने की जरुरत होती है। जिस प्रकार एक धावक शुरू के चक्र में धीमी गति से दौड़ता है, लेकिन जब अंतिम चक्र आता है तो दौड़ की गति को तेज करता है।

ताकि जीत का लक्ष्य हासिल हो सके। उन्होंने कहा कि हम हिंदू समाज को एकजुट करने की बात अपने घर से ही शुरू करे। इसके लिए उन्होंने पर्यावरण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और कुटुम्ब विचार पर जो दिया। निंबाराम ने कहा कि अगले वर्ष जब हम सौ साल पूरे करेंगे, तब स्वयं सेवकों को भी तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं सेवकों की संख्या बढ़ाने के साथ साथ शाखाओं के विस्तार पर भी जोर दिया। हर बस्ती में संघ की शाखा लगनी चाहिए।

**अंबेडकर भी प्रशंसक रहे:-** निंबाराम ने कहा कि बीआर अंबेडकर भी संघ की कार्यप्रणाली के प्रशंसक रहे हैं। एक बार मुंबई में पांच सौ स्वयं सेवकों के बीच डॉ. हेडगेवार के साथ अंबेडकर भी मौजूद थे। अंबेडकर ने स्वयं सेवकों से पूछा कि कितने स्वयंसेवक अस्पृशीय (पिछड़ी जाति) है, तो एक भी स्वयं सेवक ने हाथ नहीं उठाया, लेकिन जब जाति के बारे में पूछा गया तो स्वयं सेवकों ने जानकारी दी। इस पर अंबेडकर ने कहा कि एक दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वाकई हिंदू समाज को एकजुट कर लेगा, उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य सिर्फ हिंदू समाज को संगठित करना है। इतिहास गवाह है कि जब अंबेडकर ने मुंबई से चुनाव लड़ा तो समर्थन में संघ के कार्यकर्ता खड़े थे। आज जो लोग भारत में इंडिया स्टेट की तलाश कर रहे है, उन्होंने अंबेडकर को हराने का काम किया। क्षेत्रीय प्रचारक के पबोधन के समारोह में सामाजिक कार्यकर्ता शीतल शेखावत मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थी।

## केकड़ी जिला केमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव संपन्न

**अजमेर/ केकडी ।** अजमेर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र मूरजानी की अध्यक्षता में रविवार को केकड़ी जिला केमिस्ट एसोसिएशन के चुनाव आयोजित हुए। अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वसम्मति से नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष प्रहलाद टांक, उपाध्यक्ष धर्मीचन्द जैन, पारस जैन, सागर भगत सचिव, गौरव नामदेव, सुखलाल गुर्जर सह सचिव, पंकज जैन कोषाध्यक्ष, हितेन्द्र पगारिया मीडिया प्रभारी, शिव कुमार जैन कार्यकारिणी सदस्य, निवास सैनी, शिवराज सिंह,शिवराज प्रसाद जैथलिया,सौरभ जैन,राकेश जेतवाल,रोहित जैन आदि को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया। अजमेर जिला केमिस्ट एसोसिएशन के हरीश वर्यानी, आनन्द पुरोहित,उर्वेश मूरजानी,जय संगतानी ,राजू भक्तानी,तरूण मूरजाना ,खुश पारीक,सुखदेव चैधरी,हनुकृपा पिन्टू ,सुखदेव चैधरी,सौरभ कपिल ,सुरेन्द्र अग्रवाल,गोविन्द पुरोहित आदि सम्मलित थे। अजमेर व्यापारिक महासंघ ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रदान की है।

## श्याम अखंड ज्योति पाठ का जनकपुरी में हुआ भव्य आयोजन

■ संगीतमय सचित्र जीवंत झांकियों के साथ श्याम बाबा की जीवनी की दी प्रस्तुति

**अजमेर,** (कासं)। मानस मंडल पट्टी कटला नया बाजार के तत्वाधान में रविवार को जनकपुरी गंज में संगीतमय सचित्र लीलाओं व जीवन्त झांकियों के साथ श्याम अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया। मानस मंडल पट्टी कटला के अध्यक्ष हनुमान गर्ग व सचिव नंदकिशोर गोयल ने बताया कि रविवार को प्रातः 10:15 बजे गणेश पूजन एवं ज्योत प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा 11:15 बजे से श्याम अखंड ज्योति पाठ प्रारंभ होगा पाठवाचन कोलकाता के संदीप सुल्तानिया व उनके साथियों ने किया। श्याम भक्तों व धर्म प्रेमी लोगों में काफी उत्साह बना हुआ था, कथा वाचक संदीप सुल्तानिया अपनी 25 सदस्यीय कलाकारों की टीम के साथ कार्यक्रम में आकर्षक प्रस्तुति दी। हनुमान गर्ग व नंदकिशोर गोयल ने बताया कि संदीप सुल्तानिया द्वारा भीमबली का अहिलावती से विवाह, बर्बरीक जन्मोत्सव, लीले की सवारी, बर्बरीक द्वारा पत्ता छेदन की परीक्षा, बर्बरीक द्वारा शीश का दान व खाटू में शीश का प्रगट होना आदि प्रसंगों की उनके साथ आये कलाकारों द्वारा सचित्र लीलाओं के साथ प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि पाठ में बैठने के लिये निशुल्क 121 आसन की व्यवस्था थी जिन पर भक्तों ने आसन पर बैठकर श्रद्धा भाव से श्याम बाबा का पाठ किया। संदीप सुल्तानिया ने प्रसंग के अनुसार मधुर भजनों की प्रस्तुत भी दी। इस अवसर पर हनुमान गर्ग, नंदकिशोर गोयल, राजेंद्र अग्रवाल, सूरज गर्ग, ललित अग्रवाल, दीपचंद या, विमल गर्ग, रमेशचंद अग्रवाल, विजय कुमार सैनी, प्रेमप्रकाश अग्रवाल, विष्णु प्रकाश गर्ग, शंकरलाल बंसल, हनुमान दयाल बंसल, प्रदीप बंसल, दिनेश प्रणामी, शैलेंद्र अग्रवाल, जितेंद्र खंडेलवाल, किशन चंद बंसल, रमेशचंद मित्तल, मती रेणु मित्तल, अनिल बंसल, जंवरीलाल बंसल, अनिल बाड़मेरी, दिनेश गर्ग, अनिल गोयल, साकेत बंसल, संदीप गोयल, सुनील गोयल, नितेश बिंदल, अशोक गोयल, शिव शंकर बाड़मेरी, बंसी गोपाल अग्रवालए गोविंद बंसल आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उन्हें सौंपी गयी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा गुणवत्ता पथ संचलन आयोजित

**आसींद** (निसं.)। आसींद नगर के सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा गुणवत्ता पथ संचलन का आयोजन हुआ। 7 नगर बौद्धिक प्रमुख तरुण माली ने जानकारी देते हुए बताया कि पथ संचलन कार्यक्रम सरस्वती विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य बस स्टैंड, गांधी चौक, बड़ा मंदिर, मस्जिद मोहल्ला, उपरली हवेली होते हुए बड़ा मंदिर से ब्राह्मणों के मोहल्ला से गुजरते हुए आरके कॉलोनी पहुंचा 7 जहां पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने विभिन्न तरह के शारीरिक प्रदर्शन, दंड युद्ध, नियुद्ध और विभिन्न योगासन आदि करके कार्यक्रम का समापन किया। वहीं स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सम्मिलित हुए इसके लिए स्वयंसेवकों ने लगभग 3 महीने पूर्व अपने शाखा स्थान पर नियमित अभ्यास किया नागरिकों सामाजिक धार्मिक संगठनों द्वारा आसींद कस्बे में पथ संचलन के दौरान पुष्पवर्षा की अनेक स्थानों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्वयंसेवकों का जय घोष के साथ स्वागत किया वहीं बौद्धिक के दौरान बताया कि हमारे व्यक्तिगत के साथ सामाजिक जीवन में उत्कृष्ट एवं गुणवत्ता होनी चाहिए सभी लक्षण को प्राप्त कर सकते हैं राष्ट्रीय जीवन में उपस्थित वर्तमान चुनौतियों का सामना भी इन्हीं गुना से कर सकते हैं उन्होंने कहा कि हमारे पुरखे पूर्वजों ऋषियों मनुष्यों में महापुरुषों ने भी गुणवत्तापूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने ज्ञान अनुभव एवं कृतियों से सभी का मार्ग प्रशस्त किया है यही कारण है कि यह महापुरुष किसी एक जाति पेंट एवं समाज के नहीं बल्कि पूरे समाज के मिश्रित स्वरूप बने हुए हैं। वही इस दौरान अतिथि के रूप में राधाकृष्णन अग्रवाल, बौद्धिक प्रमुख विनोद मेलाना, सहित आसींद क्षेत्र के स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# बलाई महासभा की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**अजमेर,** (कासं)। बलाई महासभा के तत्वाधान में रविवार को प्रातः 10 बजे ग्रुप केन्द्र-1, सी.आर.पी.एफ (हरिशचन्द्र स्टेडियम), गोल्फ कोर्स रोड अजमेर में खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथ सीआरपीएफ के कमांडेंट मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि सीमांत रक्षक प्रधान संपादक, सत्यपाल मेघवाल रहे, जिनका कार्यक्रम के प्रारम्भ में माला पहनाकर स्वागत किया गया। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष बलाई महासभा अजमेर के मूलचन्द भाटी ने की।

क्रीडमंत्री बालकिशन भाटी ने बताया कि समाज में बच्चो के प्रोत्साहन के लिए बलाई महासभा द्वारा उक्त खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में



गोल्फ कोर्स रोड अजमेर में खेलकुद प्रतियोगिता का आयोजित।

समाज के सैकडो बच्चो ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से बालक वर्ग में 6 से 8 वर्ष तक 50 मीटर दौड, 6 से 10 वर्ष 75 मीटर दौड, 10 से 15 वर्ष तक 75 मीटर दौड, 6 से 8 वर्ष तक चम्मच दौड, 18 वर्ष से अधिक मुख्य दौड 100 मीटर, 50 से 60 वर्ष तक बुजुर्ग दौड 50 मीटर, 60 वर्ष से अधिक बुजुर्ग टेनिस बॉल थ्रो व 15 वर्ष से अधिक लम्बी कूद तथा बालिका वर्ग में 6 से 8 वर्ष तक 50 मीटर दौड, 6 से 10 वर्ष 75 मीटर दौड, 10 से 15 वर्ष तक 100 मीटर दौड, 6 से 8 वर्ष तक जलेबी दौड व चम्मच दौड 50 मीटर, महेन्दी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता व म्यूजिकल चेयर रेस का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ मे प्रथम हेमंत बढ़गुजर, द्वितीय प्रदीप भाटी, तृतीय दीपक बुडगाया, चेयर रेस मे प्रथम मालती गहलोत, द्वितीय मंजु तंवर रही। कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथियों ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताऐं समाज में होती रहनी चाहिये जिससे बच्चो का मनोबल बढ़ता है तथा वह उन्नति की ओर अग्रसर होते है।

## सार-समाचार

### शहर में आज जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

**अजमेर,** (कासं)। जलसंसाधन विभाग द्वारा मरम्मत कार्य व पाइप लाइन बदलने के लिए सोमवार को 15 घंटे का शटडाउन लिया जाएगा। अधिशासी अभियंता निशा कुमारी मीणा ने बताया कि शटडाउन के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड में लीकेज मरम्मत के दौरान 800 एमएम की क्रेक पाइप लाइन बदलने का कार्य किया जाएगा। लीकेज मरम्मत कार्य करवाए जाने के दौरान क्षेत्रों में सोमवार शाम को होने वाली जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। यहां रहेगी जलापूर्ति प्रभावित इससे प्रकाश रोड, सेक्टर 3 घोलाभाटा, प्रोफेसर कॉलोनी, खानपुरा रोड, कालातों का बाडिया सहित आसपास के क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित रहेगी। उक्त सभी प्रभावित क्षेत्रों में जल वितरण आगामी दिवस में 72 घंटे के अंतराल में सुचारू कर दिया जाएगा।

### नवनियुक्त वृत निरीक्षक सामरिया का अभिनंदन

**अजमेर,** (कासं)। नारी शाला व्यापारिक संगठन तथा सुभाष नगर व्यापारियों ने अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में रविवार को रामगंज पुलिस थाना में नवनियुक्त वृत निरीक्षक रवीश सामरिया का उनके चेंबर में शिष्टाचार भेंट करके अभिनंदन किया और बाजारों की समस्याओं से अवगत करवा करा व्यापारियों के जान माल की सुरक्षा के लिए ठोस कार्यवाही की मांग की। वृत निरीक्षक रवीश सांमरिया ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि व्यापारियों एवं क्षेत्र वासियों की समस्याओं का पूरा समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मोडिफाइड साइलेंसर और चोरियों तथा अपराध की सूचना उनको प्रदान करने पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रमेश लालवानी, नरेश मनकानी, नारी शाला व्यापारिक संगठन के चेतन सैनी, सुभाष नगर व्यापारिक संगठन के भागचंद सेन, सरदार रणजीत सिंह, मनमोहन, दीपक सोनी, जसपाल सलूजा, पवन, सुभाष भटनागर सहित अन्य प्रतिनिधियों ने माला व साफा पहना कर आध्यात्मिक साहित्य भेंट करके वृत निरीक्षक सामरिया का अभिनंदन किया।

### सर्वधर्म समिति ने किया शहीदो को नमन

**अजमेर,** (कासं)। सिन्ध के अमर शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस शहीदी दिवस के अवसर पर जन सेवा समिति के पदाधिकारियो के द्वारा शहीद दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर नमन किया गया। वैचारिक गोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में जन सेवा समिति के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि अमर शहीद हेमू कालानी सिन्ध के माता पिता की इकलौती संतान सबसे कम आयु के शहीद हुए है। अजयमेरू सेवा समिति, पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर व व्यापारिक संगठनों की ओर से हेमू कालानी को नमन किया गया। सोनी गणवन्त राहुल और सु कीर्तिका ने बताया कि आजदी के दीवानो के द्वारा हमें दिलाई गई इसलिए हमें आजादी दिलवाने के लिए उनको हमेशा नमन करते रहना होगा। लालवानी ने बताया कि हेमू कालानी का जन्म 23 मार्च 1923 को सिन्ध के सख्खर में और शहीद 21 जनवरी 1943 को सिन्ध की सख्खर जेल में हुए थे। गुणवन्त राहुल ने बताया कि देश की आजादी की लडाई बिना जात.पात के और केवल भारतीयता पर आधारित होकर लडी गई थी जिसके परिणाम स्वरूप अंग्रेजो को भारत छोडना पडा।

### देश भक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। वैशाली सिंधी सेवा समिति एवं झूलेलाल सेवा मंडली के संयुक्त तत्वाधान में झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर अजमेर में आज दिनांक 20 जनवरी को सांय 6 बजे अमर शहीद हेमू कालानी के 82 वे बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर एक शाम हेमू कॉलोनी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महासचिव प्रकाश जेठरा ने बताया कि इस अवसर पर देश भक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा अमर शहीद हेमू कालानी के चित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए दीप जलाए जाएंगे और हेमू कालानी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मशहूर गायक होतचंद मोरयानी, पूनम गीतंजलि, हरीश मसंद द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। आजादी के आंदोलन में सिंध के सपूत शहीद हेमू कालानी को 21 जनवरी 1943 में अंग्रेजों द्वारा वीर सपूत को फांसी पर चढ़ा दिया गया था।

### नवनियुक्त एस.एच.ओ. का अभिनंदन

**अरांई।** नवनियुक्त थानाधिकारी भोपाल सिंह का राजस्थान पेंशनर समाज की ओर से अभिनंदन किया गया। उपशाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश सारण ने एसएचओ सिंह को माला पहनाकर अभिनंदन किया। एसएचओ सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पेंशनरों को सहयोग करने का भरोसा दिया। इस दौरान पेंशनर समाज सचिव हनुमान प्रसाद खोरवाल विधि सलाहकार मंत्री रामगोपाल वैष्णव एवं भामोलाव सरपंच प्रतिनिधि शिवराज बागड़ी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पढ़ाई (क्कड्डस्र्द्ब) एप लॉन्च

**मसूदा,**(निसं.)। रविवार को प्रथम इंटरनेशनल, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रथम शाह प्रडिजी इनोवेशन सेंटर और प्रथम स्किलिंग प्रोग्राम के सहयोग से पढ़ाई (क्कड्डस्र्द्ब) एप लॉन्च किया गया। यह एप पहली बार्र द्ब के माध्यम से रीडिंग असेसमेंट का कार्य करेगा जो सभी बच्चों तक पहुंचेगा चाहे उनके पास इंटरनेट हो या न हो। यह एप 7 हिंदी राज्यों में लॉन्च किया गया जिसमें प्रथम की टीमें इसे स्थानीय समुदायों में पहुंचाने का कार्य करेगी। यह एप्र स्क्र तकनीक का उपयोग करता हे जो वास्तविक समय में डेटा आधारित रीडिंग मूल्यांकन प्रदान करता है।क्कड्डस्र्द्ब एप की मुख्य विशेषताएं द्ब ड्रिवन रीडिंग असेसमेंट, ऑफलाइन कार्यक्षमता, बहुभाषी समर्थन, प्राइवैसी फर्स्ट अप्रोच आदि हैं।

### सुरेश सिंह रावत का मसूदा दौरा आज

**मसूदा** (निसं.)। राजस्थान सरकार में जल संसाधन मंत्री पुष्कर विधायक सुरेश सिंह रावत रेल का बाडिया रामगढ़ के एक सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। भारतीय जनता पार्टी मंडल खरवा के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री आज सोमवार को 11:15 बजे खरवा बस स्टैंड पहुंचेंगे तत्पश्चात 11:30 बजे पिपलाज स्वागत कार्यक्रम रहेगा तत्पश्चात मसूदा पुलिया पर स्वागत कार्यक्रम होकर रेल का बाडीया की ओर प्रस्थान करेंगे। कार्यकर्ताओं द्वारा जल संसथान मंत्री रावत की स्वागत सम्मान किया जाएगा।

# तीन दिवसीय देवनारायण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

■ कांग्रेस पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर रहे मुख्य अतिथि

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा क्षेत्र के खामोर में तीन दिवसीय देवनारायण मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व मंत्री राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में अजमेर डेयरी चेयरमेन रामचंद्र चौधरी, विधायक प्रत्याक्षी नरेंद्र रैगर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय सिंह गुर्जर, झालावाड़ जाट महासभा जिलाध्यक्ष सीताराम चौधरी और गुलाबपुरा पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर रहे।

राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर का खामोर आगमन के दौरान सरपंच प्रतिनिधि बलवंत सिंह राठौड़ के नेतृत्व में निजी आवास पर स्वागत किया गया। गुर्जर समाज के युवाओं द्वारा स्वागत किया तत्पश्चात मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में जाने के दौरान रास्ते में अंबेडकर विचार मंच की ओर से अंबेडकर सर्कल पर स्वागत किया गया। अतिथियों ने भगवान देवनारायण मंदिर पहुंच कर दर्शन किए तथा भेट चढाई। तत्पश्चात धर्मसभा में सभी अतिथियों का माला व सरोपाव बंधवाकर स्वागत किया गया। अजमेर डेयरी चेयरमेन रामचंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा की किसानों के



अतिथियों ने भगवान देवनारायण मंदिर पहुंच कर दर्शन किए तथा भेट चढाई ।

लिए फायदे की बात है की दूध के भाव बढ़ेंगे, पशु रखने वाले किसानों को इससे बहुत लाभ मिलेगा। वही भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए अजमेर डेयरी चेयरमेन रामचंद्र चौधरी ने कहा की बीजेपी सरकार केवल भाषण दे सकती है गरीबों का विकास केवल कांग्रेस सरकार ही करती है।वही राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा की धीरज गुर्जर ना बीजेपी का है ना कांग्रेस का है धीरज गुर्जर सिर्फ गरीब किसान और मजदूरों का है। आपका स्वागत मेरे माथे पर कर्ज है। झालावाड़ जाट महासभा के अध्यक्ष सीताराम चौधरी ने देवनारायण मंदिर प्रांगण में धर्मशाला के लिए एक ट्रक कोटा स्टोन फर्शी व हैंडपंप का सहयोग की घोषणा की। तथा समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा कुरीतियों को मिटाने सहित नशे से युवाओं और समाज को दूर रहने की सलाह दी। वर्षो से भगवान देवनारायण की वार्ता गाने वाले समर्पित,धार्मिक प्रवृत्ति के जाट समाज के मादू करेशिया निवासी करेशिया का खेड़ा खामोर द्वारा खेत में हल जोतते समय अचानक जमीन से भगवान देवनारायण के नमूने प्रकट हुए।जिहे देख कर जाट परिवार हर्ष से फूले नहीं समाया इसके बाद मादु करेशिया के परिवार ने अन्य जगह से देवनाराय मंदिर से पाती मांगी और राज्यास रोड एनिकट के निकट तालाब की उभरी हुई जगह पर इनका सूक्ष्म मंदिर बनाया और प्राण प्रतिष्ठा कराई।महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंच यज्ञाचार्य शिव प्रकाश तिवाड़ी द्वारा मंत्रोचार,पूजा अर्चना तथा सास्त्रार्थ पंच कुंडात्मक यज्ञ का तीन दिवसीय आयोजन हुआ।जाट समाज के जोड़े रोजाना विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर आहुतियां लगाई। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय सिंह गुर्जर, जीएसएस अध्यक्ष हनुमान वैष्णव, कनेच्छन खुर्द सरपंच कालू राम गुर्जर, खामोर सरपंच प्रतिनिधि बलवंत सिंह राठौड़, उप सरपंच भारत रेबारी, समाजसेवी हमताराम गुर्जर, लालराम तिवाड़ी, सत्यनारायण बागड़ा, चंद्र प्रकाश, शिवराज जाट, अंबेडकर विचार मंच के घनश्याम बैरवा, कालू पटेल, राकेश सिंह, सुरेश जाट, शंकर जाट, भंवर जाट सहित ग्रामीण व जाट समाज के प्रमुख पंच पटेल ग्रामीवासी मोजूद रहे।


**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

ई-नीलामी मे अमानत राशि जमा एवं बोली दिनांक 19.01.2025 से लगाई जा सकती है
भूखण्डों की ई-नीलामी दिनांक 23.01.2025 से 25.03.2025तक

301 आवासीय,व्यावसायिक एवं आवासीय मय व्यावसायिक प्रयोजनार्थ भूखाण्ड
पूर्ण भुगतान के लिए 180 दिवस का समय, 15 दिवस में पूर्ण राशि जमा कराने पर 2 प्रतिशत की छुट देय हैं

| | | |
|---|---|---|
| 05 बकरा मण्डी व्यावसायिक योजना | 46 दौराई व्यावसायिक योजना | 13 हरिभाऊ उपाध्याय विस्तार आवासीय योजना |
| 30 गणेश गुवाड़ी आवासीय योजना | 05 अर्जुलाल सेठी नगर योजना | 10 बी.के कॉल नगर आवासीय योजना |
| 30 कोटडा आवासीय योजना | 02 पृथ्वीराज नगर योजना | 30 महाराणा प्रताप नगर आवासीय योजना |
| 58 चन्द्रवरदाई नगर आवासीय योजना | 01 हरिभाऊ उपाध्याय नगर मुख्य आवासीय योजना | 13 पंचशील नगर ई-ब्लॉक आवासीय योजना |
| 40 ट्रॉसपोर्ट नगर व्यावसायिक योजना | 12 पंचशील नगर योजना | 04 जे.पी नगर आवासीय योजना |
| | 02 राजस्व ग्राम जनाना अस्पताल के पास व्यावसायिक योजना | |

नीलामी के नियम व शर्तो के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर की वेबसाईट ada.rajasthan.gov.in पर देखे एवं SSO I.D द्वारा लॉगिन करे।

भूखण्डों की अधिक जानकारी के लिए कॉल करे:- 8696921623
ऑनलाईन नीलामी के प्रक्रिया के बारे में कॉल करे : 9571622903/9269681471
टोडमरल लैन, सिविल लाईन्स, अजमेर - 305001

राज.संवाद/सी/24/10505

# बारात में जा रही कार पलटने से दो चचेरे भाइयों समेत चार लोगों की मौत

## कार के आगे मवेशी आने से अनियंत्रित होकर चार बार पलटी खा गई थी

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के लूणकरणसर में कार के आगे मवेशी आने से अनियंत्रित होकर चार बार पलटी खा गई। हादसे में दो चचेरे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया है। कार सवार लोग चूरू के भोजासर छोटा गांव से बारात में लूणकरणसर के पेमासर गांव जा रहे थे। इस दौरान हंसेरा गांव के पास हादसा हो गया।

हादसे की सूचना मिलते ही लूणकरणसर थानाधिकारी गणेश बिश्नोई और टाइगर फोर्स के लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने भगवान दास (28) पुत्र नौरंगदास, विनोद (22) पुत्र हजारी भारती, सुनील (18) पुत्र जयनारायण भारती और कालू भारती (35) को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि कालू भारती इन दिनों रावतसर में रहता था, लेकिन शादी में शामिल होने के लिए गांव आया था। जानकारी के अनुसार बारात तो आगे निकल गई, लेकिन ये कार पीछे रह गई थी। ऐसे में शादी में शामिल होने वाले अधिकांश लोग पेमासर पहुंच गए थे। वहां पहुंचते ही पता चला कि पीछे कार का एक्सीडेंट हो गया है। इस पर शादी छोड़कर कुछ लोग वापस लूणकणसर आए।

- बारात तो आगे निकल गई थी, लेकिन कार पीछे रह गई थी जो हादसे का शिकार हो गई

हादसे में जिन चार युवकों की मौत हुई है, उनमें विनोद पुत्र हजारी और सुनील पुत्र जयनारायण भारती चचेरे भाई थे। इनके साथ भगवान भारती था, जो पड़ोसी था। दोस्ती होने का कारण वो भी इनके साथ गया था। विनोद और सुनील पढ़ाई कर रहे थे, जबकि भगवान ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाकर अपना घर चला रहा था। वहीं चौथा मृतक कालू विनोद और सुनील की रिश्तेदारी में था। गांव में खेती का काम करने वाले हेमराज भारती के लड़के सतपाल की शादी थी। विवाह के लिए तीन-चार कारें ही गई थी, जिसमें पच्चीस लोग शामिल हुए। ये लोग करीब साढ़े पांच बजे भोजासर छोटा गांव से रवाना हुए थे। दुल्हा सतपाल और अन्य लोग तो पेमासर गांव में पहुंच गए थे, लेकिन पीछे से एक कार का एक्सीडेंट हो गया।

# दो वाहनों की टक्कर में पति-पत्नी समेत तीन जनों की मौत

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिले के अलसीसर इलाके के रामपुरा गांव में राजगढ़-झुंझुनूं रोड पर रविवार शाम को हुए दर्दनाक हादसे में पति-पत्नी समेत तीन जनों की जान चली गई। वहीं चार घायल हो गए। इनमें से एक गंभीर घायल को जयपुर रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार भूतिया का बास निवासी बोलेरो चालक रणवीर को कोदेसर ग्राम पंचायत के बीदासर निवासी जमनाधर पारीक अपने साथ किसी काम से अलीपुर किराए पर करके ले गए थे। गाड़ी में चालक रणवीर व जमनाधर के अलावा जमनाधर की पत्नी रतनी व भाभी संतोष देवी थी। अलीपुर से वापिस गांव लौटते वक्त रामपुरा के पास झुंझुनूं-राजगढ़ रोड पर सामने से आ रही दूसरी बोलेरो के साथ उनकी गाड़ी की भिड़ंत हो गई, जिससे जमनाधर, रतनी व चालक रणवीर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संतोष के अलावा दूसरी बोलेरो में सवार राजगढ़ निवासी अमित पुत्र रामनिवास जांगिड़, विक्की पुत्र रघुवीर सिंह जांगिड़ बैरूबड़ी हमीरवास तथा तन्यम पुत्र भूषण शर्मा राजगढ़ निवासी घायल हो गए। सभी घायलों को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल लाया गया। जहां पर जमनाधर, रत्नी व रणवीर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत होने पर संतोष देवी को जयपुर रैफर कर दिया गया। इसके अलावा अमित, विक्की और तन्मय का बीडीके अस्पताल में इलाज चल रहा है। बीडीके अस्पताल में भर्ती सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। तीनों मृतकों के शवों को मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया है।

- चार जने घायल, एक गंभीर घायल को जयपुर रैफर किया

## हादसे में एक की मौत, दो घायल

**अजमेर,** (कासं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर ग्राम झड़वास के पास मगरी मोड पर एक कंटेनर चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगा देने से पीछे चल रही दो पिकअप गाड़ियां कंटेनर में घुस गई। हादसे में एक पिकअप वाहन चालक हिमाचल प्रदेश निवासी राकेश कुमार की मौत हो गई और दो जने घायल हो गए। भीलवाड़ा से जयपुर की ओर जा रहे कंटेनर चालक ने ग्राम झड़वासा के पास अचानक ब्रेक लगा दिए। कंटेनर के पीछे चल रही पिकअप जीप उसमें घुस गई उसके पीछे चल रही एक अन्य वाहन भी पिकअप जीम से टकरा गया।

# सोलर कंपनियों द्वारा खेजड़ी वृक्ष काटने का विरोध

## बिश्नोई महासभा ने रैली निकाली, मुख्य बाजार बंद रहे

**जोधपुर,** (कासं)। प्रदेश में सोलर कंपनियों के द्वारा राज्य वृक्ष खेजड़ी काटने के विरोध में अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा की ओर से घोषित जोधपुर बंद का आंशिक असर रहा। शहर के मुख्य बाजार बंद रहे, जबकि गली-मौहल्लों में दुकानें खुली रही।

खेजड़ी बचाओ रैली के दौरान इसमें शामिल हुए युवाओं ने लॉरेंस जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान पुलिस उन्हें आगे चलने का इशारा करती रही। ठीक 24 दिन पहले बिश्नोई महासभा की बीकानेर रैली में भी लॉरेंस के समर्थन में पोस्टर लहराए गए थे। रैली के दौरान जोधपुर के मुख्य बाजार दोपहर दो बजे तक बंद रहे। व्यापारियों ने स्वेच्छा से बिश्नोई महासभा को अपना समर्थन दिया। अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा की ओर से अध्यक्ष देवेंद्र बुढ़िया के नेतृत्व में आज बंद का आव्हान किया गया था, जो सफल रहा, सरकार को सालों पुराने वन अधिनियम में संशोधन करना चाहिए। पेड़ों को काटने वालों को कठिन दंड देना चाहिए। शहर के त्रिपोलिया बाजार, घंटाघर, नई सड़क सहित सरदारपुरा और आसपास के इलाकों में बंद का असर देखा गया। शहर के सोजती गेट के व्यापारियों ने भी बंद का समर्थन किया। इक्का-दुक्का जरूरत के सामानों की दुकानें खुली रहीं।

- व्यापारियों ने स्वेच्छा से बिश्नोई महासभा को अपना समर्थन दिया

वहीं बंद में शामिल पर्यावरण प्रेमियों कहना था कि एक तरफ राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने का आव्हान कर रही है। दूसरी तरफ सोलर प्लांट को लगाने के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है, जिसे पर्यावरणप्रेमी सहन नहीं करेंगे। इसलिए सरकार को इस मामले में उचित कदम उठाते हुए पेड़ों की कटाई रोकनी चाहिए। बंद को लेकर शहर के त्रिपोलिया बाजार, घंटाघर, नई सड़क सहित सरदारपुरा और आसपास की जगहों पर व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। जानकारी के अनुसार इससे पहले 26 दिसंबर को बीकानेर में भी लॉरेंस बिश्नोई जिंदाबाद के नारे लगे थे। खेजड़ी काटने के विरोध में बिश्नोई महासभा ने बीकानेर बंद करवाया था। इस दौरान रैली में आए लोगों ने लॉरेंस के पोस्टर लहराए थे और जिंदाबाद के नारे लगाए थे। मामले को लेकर कार्यक्रम के आयोजक पूर्व पार्षद मनोज बिश्नोई ने कहा था कि लॉरेंस के फोटो लगा पोस्टर लहराने वाले हमारे कार्यकर्ता नहीं हैं। इस आंदोलन से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

# टेम्पू पलटने से दो युवक सहित छह महिलाएं घायल

**नदबई,** (निसं)। क्षेत्र के गांव बैलारा के समीप रविवार को असंतुलित होकर टैम्पू पलटने से दो युवक सहित छह अन्य महिलायें घायल हो गई। ग्रामीणों ने घायलों को एम्बूलेंस की सहायता से नदबई जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में पांच घायलों को गंभीर स्थिति के चलते रैफर कर दिया गया।

गांव नौहरदा निवासी धर्मेन्द्र जाटव पुत्र ओमप्रकाश जाटव, अपने अन्य परिजनों के साथ गांव लुहासा में अपने किसी रिश्तेदार की मौत होने पर शोक जताने जा रहे थे। नदबई-डहरा मार्ग पर गांव बैलारा के समीप अचानक असंतुलित होकर सड़क किनारे टैम्पू पलट गया, जिसके चलते धर्मेन्द्र जाटव सहित धीरज, पिंकी पत्नी भीमसेन, सुनीता पत्नी भूरीसिंह, सोनिया, कमलेश पत्नी महावीर, बबली पत्नी नैमीचंद व रौना देवी पत्नी अतर सिंह घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में धीरज, कमलेश, रौना देवी, बबली व सुनीता को जिला मुख्यालय रैफर कर दिया।

# अज्ञात जानवर ने बाड़े में बंधे 11 मवेशियों का शिकार किया

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के भजनावली ढाणी में एक जंगली जानवर ने रविवार को किसान के मवेशियों का शिकार कर लिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर मिले निशान पर पगमार्क लिए गए हैं।

- ग्रामीणों के अनुसार बाड़े में कुछ पग मार्क है, जिससे लग रहा है कि कोई पैंथर आया था



वन विभाग की टीम ने मिले निशान पर पगमार्क लिए।

जानकारी के अनुसार छाबड़ियों की ढाणी निवासी शिवराम पुत्र सुंडाराम गुर्जर के मकान के पास बने बाड़े में मवेशी बांध रखे थे। इस दौरान अचानक किसी अज्ञात जानवर ने 11 मवेशियों का शिकार कर लिया तथा तीन-चार मवेशियों को घायल कर दिया। जब वह मवेशियों को लाने के लिए गया तो कुछ मवेशी मरे हुए थे तथा कुछ घायल पड़े हुए थे। इस दौरान उसने शोर शराबा किया तो अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा वन विभाग की टीम को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली जानवरों के खुले में घूमने की वजह से आए दिन किसानों के मवेशियों को नुकसान पहुंच रहा है और किसानों को पशुधन का गहरा आघात लग रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए तथा किसान को मुआवजा देना चाहिए। ग्रामीणों के अनुसार बाड़े में कुछ फुट मार्क है जिससे लग रहा है कि कोई पैंथर रात्रि में मवेशियों का शिकार करके गया है, जिसको लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को दी तो उन्होंने वन विभाग की टीम मौके पर भेजी। वन विभाग की तरफ से मौके पर पशु डॉक्टरव उनकी टीम को बुलाया गया, जहां उन्होंने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम किया।

रेंजर मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि ग्रामीणो के द्वारा सूचना मिली है कि जंगली जानवर ने मवेशियों का शिकार किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरी जांच करवाई जा रही है। वहीं वन कर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाकर जंगली जानवर पर पूरी निगरानी रखी जा रही है। नियम अनुसार किसान को मुआवजा दिलवाने के लिए उच्च अधिकारियों से बात की जाएगी। घटनास्थल पर मिले पगमार्क से हायना होने का अंदेशा है।

# युवक को घर ले जाकर मारपीट कर कुल्हाड़ी से पैर काटने का आरोप

## ढाणी बड़ी में बीमार दादी के लिए डॉक्टर को लाने गए युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**सादुलपुर,** (निसं)। सिद्धमुख थाना अंतर्गत गांव ढाणी बड़ी में रात्रि को बीमार दादी के लिए डॉक्टर को बुलाने गए एक युवक को पकड़कर मारपीट करने तथा कुल्हाड़ी से पैर काटने के आरोप में पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

दर्ज प्रकरण में थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि राजेश कुमार निवासी ढाणी बड़ी सिद्धमुख ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि 17 जनवरी की रात्रि को उसकी माता भूरी देवी अचानक बीमार हो गई तो उसका पुत्र अजय गांव में ही डॉक्टर को बुलाने घर से बाहर गया तो गांव के मंदिर के पास पहुंचा तो गांव के राजवीर, राजेंद्र, राजपाल व सोमवीर एक राय होकर वहां घात लगाकर बैठे हुए थे और उसके पुत्र को पकड़ लिया और पीटने लगे तथा घसीट कर अपने घर ले गए। वहां पर सभी लोगों ने उसके पुत्र को कुल्हाड़ी व जेलियों से मारपीट की, जिसके कारण उसके पुत्र को गंभीर चोटें आई।

दर्ज मामले में आरोप लगाया कि उसके पुत्र के पैर कुल्हाड़ी से काट दिए। जब बहुत देर हो गई तो उसने सोचा अजय डॉक्टर लाने गया था अभी तक नहीं आया तो, उसे देखने के लिए घर से बाहर निकाला ज्योही मंदिर के पास पहुंचा तो राजवीर के घर से चिल्लाने की आवाज आई तो वहां जाकर देखा तो उसका पुत्र अजय उनके आंगन में पड़ा हुआ था। उसने शिकायत की तो आरोपियो ने उसके साथ भी मारपीट की। जान बचाने के लिए जोर-जोर से चिल्लाए तो पीछे से उसका पुत्र योगेश आ गया तथा अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए तथा बीच-बचाव किया तथा उसके पुत्र अजय को उठाया और तुरंत सिद्धमुख सरकारी अस्पताल में लेकर आए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस बुलाकर भादरा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां वह गंभीर अवस्था में है तथा उपचार चल रहा है। दर्ज मामले बताया कि उसे तथा उसके परिवार को जान माल का खतरा है, सिद्धमुख थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ट्रोले से टकराई वैन, एक की मौत

**पाली,** (नि.सं.)। पाली में ड्राइवर को बीच रास्ते नींद की झपकी आ गई। ऐसे में वैन आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गई और दो जने घायल हो गए। मृतक की बॉडी का पोस्टमॉर्टम करवा शव परिजनों को सौंपा गया, जिसकी मौत हुई वह कैंसर का इलाज करवाने जा रहा था। घटना पाली जिले के गुड़ा एंदला थाने के गुंदोज गांव के निकट शनिवार रात को हुई। हादसे में हादसे में गुजरात के मेहसाणा उमानगर नंदासन निवासी 70 साल के अमृत भाई पुत्र गोपाल दास की मौत हो गई।

# 45 लाख की शराब से भरा ट्रक पकड़ा

**झुंझुनूं,** (निसं)। आबकारी विभाग द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई के तहत अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा गया। जिससे 45 लाख कीमत की शराब जब्त की गई है। यह शराब एक नामी कंपनी के बेबी यूज और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट के बीच में छुपाकर ले जाई जा रही थी, जिसके चलते इसमें रखे शराब के 547 कार्टुनों को गिनने में विभाग की टीम को करीब 10 घंटे का समय लगा।

जिला आबकारी अधिकारी रियाजुद्दीन उस्मानी ने बताया कि 547 कार्टुन अवैध शराब के मिले, जो पंजाब के थे, लेकिन पंजाब से बिना कोई वैध लाइसेंस के गुजरात ले जाए जा रहे थे। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 45 लाख रूपए है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी, जब्त किए गए ट्रक तथा ट्रक में मिले महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर जांच आगे बढ़ाई जाएगी, जिसके जरिए शराब तस्करों तक पहुंचा जाएगा। बीती रात को झुंझुनूं के आबकारी विभाग के डीएसपी लक्ष्मीनारायण सैनी तथा प्रहराधिकारी ताराचंद जाखड़ के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे ट्रक को पकड़ा था।

- एक नामी कंपनी के प्रोडक्ट के बीच में छुपाए गए थे शराब के कार्टुन
- शराब के 547 कार्टुनों को गिनने में विभाग की टीम को करीब 10 घंटे लगे

जब विभाग ने ट्रक पकडा तो ड्राइवर ने कुरूक्षेत्र के एक ट्रांसपोर्टर के कागजात दिखाए, जिसके अनुसार ट्रक में एक नामी कंपनी के बेबी पाउडर, बेबी लोशन जैसे कॉस्मेटिक आइट्म है। ट्रक को खोलकर चैक किया तो उसमें यही सामान भी मिला। लेकिन मुखबिर की इत्तला पक्की थी। जिसके चलते विभाग की टीम ने एक-एक कार्टुन चैक किया तो कुछ कार्टुन चैक करने के बाद पंजाब निर्मित अवैध शराब के कार्टुन दिखने लगे। जिस पर ट्रक को जब्त कर और ड्राइवर को गिरफ्तार करके आबकारी थाने लाया गया। वहीं गिरफ्तार ड्राइवर बालोतरा जिले के रहने वाले भंवरराम से पूछताछ की जा रही है।

# नशा मुक्ति केंद्र से फरार युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा

## इंदासर के ग्रामीणों ने पदचिह्न देखकर संदिग्ध युवक को पकड़ा

**सादुलपुर,** (निसं)। गांव इंदासर के ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपकर जागरूकता का संदेश दिया है। हालांकि मामला दूसरा ही निकला। पकड़ा गया युवक तथा उसके साथ अन्य पांच-छह व्यक्ति गांव के पास स्थित गोठ्या बड़ी गांव में चल रहे नशा मुक्ति केंद्र से फरार हुए थे। रातभर नशा मुक्ति केंद्र से फरार होने के बाद गांव इंदासर पहुंचे, जहां से वह गांव से होते हुए अपने घरों तक जाने का प्रयास कर रहे थे।

ग्रामीणों ने बताया कि अल सुबह गांव में तीन-चार युवकों के पद चिन्ह देखकर ग्रामीणों ने पदचिन्ह के अनुसार पीछा किया। गांव भटोड़ से भगेला गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया, जबकि अन्य फरार हो गए तथा पकड़े गए युवक को पुलिस को सौंपा। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक डेढ वर्ष पहले गांव के सरपंच के घर में हुई बड़ी चोरी की घटना के बाद गांव के लोग पदचिन्हों का पीछा करते हुए युवक को पकड़ा है, ताकि कोई संदिग्ध व्यक्ति गांव ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी अनहोनी घटना या चोरी जैसे वारदात को अंजाम ना दे सके। ग्रामीणों ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र से भागने वाला युवक विक्रमपाल सिंह गांव नाडोडी जिला फतेहबाद का है, जो गोठ्या बड़ी गांव के नशा मुक्ति केंद्र में दो तीन तीन महीने पहले इस युवक को छोड़ा गया था तथा नशा मुक्ति केंद्र में परेशान होकर अपने अन्य साथियों के साथ केंद्र से फरार हो गया था, जिसके बाद नंगे पांव गांवों में पैदल घूमते रहे। जिसके बाद गांव इंदासर के लोगों ने इसके पांव के निशान देख कर पीछा किया। पीछा करने के बाद एक युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सुपर्द कर दिया।

- नशा मुक्ति केंद्र गोठ्या बडी गांव में से साथियों के साथ फरार हुआ था युवक

ग्रामीणों ने बताया कि युवक को पकड़ने के बाद युवक ने अपने आपको एक वाहन चालक बताया तथा कहा कि कुछ लोग उसके वाहन को छीनकर ले गए तथा उसके साथ मारपीट की, लेकिन जब ग्रामीणों ने आक्रोश जताया तो युवक ने नशा मुक्ति केंद्र से फरार होने की जानकारी दी तथा बताया कि उसके साथ चार व्यक्ति और थे। युवक ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में कोई व्यवस्था नहीं है तथा घर पर भी बात नहीं करवाते हैं।

## सहायक अभियोजन अधिकारी (प्री) परीक्षा आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार को अजमेर व जयपुर में बनाए 100 से अधिक परीक्षा केंद्रों पर हुआ। परीक्षा के लिए करीब 52 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हुए हैं। परीक्षा में 35.25 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों पर संघन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया गया।

आयोग के सचिव ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा 2024 का आयोजन रविवार को अजमेर व जयपुर मुख्यालयों पर बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा में 51451 अभ्यर्थियों पंजीकृत हुए, जिनमें से 18139 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 33312 अनुपस्थित रहे। परीक्षा में उपस्थिति प्रतिशत 35.25 रहा। अजमेर जिला मुख्यालय पर 11675 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए, जिसमें 3747 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 7928 अनुपस्थित रहे, परीक्षा में उपस्थित प्रतिशत 32.09 रहा। इसी प्रकार जयुपर मुख्यालय पर 39776 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए, जिसमें से 14392 ने उपस्थिति दर्ज कराई, प्रतिशत 36.18 रहा। परीक्षा प्राथम पारी में 12 बजे से शुरू हुई और परीक्षा से एक घंटे पहले यानि 11 बजे तक संघन चेकिंग के ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया।

# कोटा बाइपास पर तीन सौ मीटर में तीन हादसे हुये, एक जने की मौत

## एक हादसे में हाईवे पर पड़े मलबे और घने कोहरे के चलते आठ वाहन टकराए

**कोटा,** (निसं)। नेशनल हाईवे-27 के कोटा बाइपास पर तीन अलग-अलग हादसे हुए हैं, जहां पर हाईवे पर पड़े मलबे और घने कोहरे के चलते आठ वाहन टकरा गए। इनमें दो ट्रक, एक बलगर, एक ट्रेलर, एक कंटेनर, एक डम्पर, एक कार और एक एंबुलेंस शामिल है। इनमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि अन्य चालक और खलासी सहित वाहनों में सवार कुछ लोग घायल हो गए।



कोटा बाइपास पर हुये सड़क हादसे में एक ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया।

उद्योग नगर थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि सुबह करीब सात बजे घटना की सूचना मिली थी। जाप्ता के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक और घायल को अस्पताल पहुंचाया गया है। इस मामले में देखा जा रहा है कि हादसे के क्या कारण रहे हैं। जाम को खुलवाने के लिए बड़ी मशक्कत की है। दुर्घटना कोटा बाइपास पर रेलवे क्रॉसिंग से कैथून मोड़ के 300 मीटर की दूरी बीच हुई है। यह सभी वाहन कोटा से बारां की तरफ जा रहे थे। हाईवे पर पड़े मलबे के चलते ये हादसे हुए हैं। कोहरे के चलते अन्य वाहनों को यह वाहन नजर नहीं आए जिसके बाद वाहन आकर इनसे टकराते गए। हादसे के बाद दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। सूचना मिलने पर हाईवे पेट्रोलिंग के साथ-साथ उद्योग नगर थाना पुलिस और आला अधिकारी भी पहुंचे। मौके पर क्रेन को मंगाकर रास्ते को क्लियर किया गया है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद एडिशनल एसपी दिलीप कुमार सैनी, पुलिस उपाधीक्षक पंचम लोकेंद्र पालीवाल, थाना अधिकारी उद्योग नगर जितेंद्र सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में जाप्ता मौके पर पहुंचा। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे 27 के कोटा बाईपास पर एक ट्रक लाल मिट्टी और पत्थर का मलबा पड़ा हुआ था, यहां पर तीन वाहनों के बीच टक्कर हुई है जिनमें ट्रक, कंटेनर और बलगर शामिल हैं। कंटेनर और ट्रक पीछे से क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस दुर्घटना की स्थिति को देखकर यह माना जा रहा है कि ट्रक और कंटेनर ने मलबे के चलते वाहनों को रोका था। पीछे से आते हुए बलगर को कोहरे के चलते वाहन नजर नहीं आए और जब तक चालक ब्रेक लगाता बलगर ट्रक और कंटेनर से टकरा गया। यह दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि बलगर का केबिन टूटकर मलबे के पास डिवाइडर तक जा गिरा। इसमें बलगर चालक चित्तौड़गढ़ के बेगूं तहसील के निमोद निवासी महेंद्र की मौत हो गई है जबकि खलासी घायल हुआ है।

- हादसे में ट्रक चालक की मौत, अन्य चालक और खलासी सहित वाहनों में सवार कुछ लोग घायल

दूसरा हादसा इस घटना से करीब 150 मीटर दूर हुआ है जहां पर एक कार और एंबुलेंस को ट्रक ने पीछे से टक्कर मारी है। इसमें एंबुलेंस व कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। यह एंबुलेंस कोटा से मृतक की बॉडी को लेकर बारां की तरफ जा रही थी। ट्रक और कार भी इसी रूट पर चल रहे थे। तीसरा हादसा इस घटना से करीब 150 मीटर पीछे हुआ है, जहां पर एक डंपर और ट्रेलर के बीच दुर्घटना हुई है। इसमें संभवतः डंपर ने पीछे से ट्रेलर को टक्कर मारी है। हादसे कई जने घायल हो गये।

# कुम्भ देश की प्राचीन परम्परा का प्रतीक : भजनलाल शर्मा

## प्रयागराज के राजस्थान मण्डप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भाग लिया

**प्रयागराज/जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 118वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। नववर्ष 2025 का यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रयागराज महाकुंभ स्थित राजस्थान मण्डप में प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना।

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ा चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम विविधता में एकता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। यह 'कुंभ' एकता का महाकुंभ है। मोदी ने कहा कि कुंभ का आयोजन बताता है कि कैसे हमारी परम्पराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है, वैसे ही, दक्षिण भू-भाग में, गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में 'गंगा सागर' मेले का भी विहंगम आयोजन हुआ और संक्रांति के पावन अवसर पर इस मेले में पूरी दुनिया से आए लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेला'-हमारे सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं।

मोदी ने कहा कि इस महीने हमने 'पौष शुक्ल द्वादशी' के दिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर्व की पहली वर्षगांठ मनाई है। इस साल 'पौष शुक्ल द्वादशी' 11 जनवरी को पड़ी और इस दिन लाखों राम भक्तों ने अयोध्या में रामलला के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुन: प्रतिष्ठा की द्वादशी है। मोदी ने आमजन से आव्हान किया कि वे विकास के रास्ते पर चलते हुए विरासत को सहेजे और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़े।

मोदी ने कहा कि इस बार के गणतंत्र दिवस पर संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सभा सदस्यों के विचार हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। प्रधानमंत्री ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषणों के अंश साझा करते हुए देशवासियों से इन महापुरूषों के विचारों से प्रेरणा लेते हुए ऐसे भारत के निर्माण करने के आव्हान किया जिस पर इन संविधान निर्माताओं को भी गर्व हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। बेंगलुरू के स्पेस-टेक स्टार्ट-अप शिपक्सेल' ने भारत का पहला निजी सैटैलाइट कॉन्स्टलेशनदृ फायर-फ्लाई, सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने के प्रयास भी कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास का एक्सटेम) केंद्र अंतरिक्ष में मैन्यूफैक्चरिंग के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में असम के नौगांव में किसानों द्वारा हाथियों की भूख मिटाने के अभिनव प्रयास एवं दो नए टाईगर रिजर्वों गुरू घासीदास-तमोर पिंगला (छत्तीसगढ़), रातापानी (मध्यप्रदेश) का जिक्र भी किया। साथ ही, मोदी ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों का स्मरण भी किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई है। महाकुम्भ हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और परम्परा का प्रतीक है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है जहां करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ संगम में डुबकी लगाते हैं। प्रत्येक भारतवासी को ऐसी गौरवशाली परम्परा पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन हम सब देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी होने के साथ ही, उत्सावर्धक होता है। उनके उद्बोधन के माध्यम से हमें हमारे देश की उपलब्धियों के बारे में जानकारी मिलती है और गर्व महसूत होता है।

## कांग्रेस के नेता राष्ट्रिवरोधी बातों से फैला रहे भ्रम : खर्रा

**जयपुर।** नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि विपक्ष के नेताओं द्वारा मोहब्बत की दुकानों से मिथ्या बातें कर भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा हैं, परन्तु प्रदेश की जनता समझदार है और इनके बहकावे में आने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते राष्ट्र

■ **'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्रउत्थान के लिए समर्पित'**

का भी विरोध कर जाते हैं और हताशा और निराशा में राष्ट्रद्रोह का अपराध कर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक राष्ट्रभक्त संगठन है जो सदैव राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्यरत रहता है। जबकि विपक्ष के नेताओं ने कई बार राष्ट्र को तोड़ने के मंसूबे रखने वालों का छुपकर साथ दिया है। खर्रा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार ने एक साल में आमजनता के हित में सकारात्मक निर्णय लिए है। हमारी सरकार ने किसानों को पेयजल एवं सिंचाई के पानी उपलब्ध करवाने के लिए ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना का मार्ग प्रशस्त किया है। वहीं ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो लाख करोड़ से अधिक के एमओयू किए है, जिनको धरातल पर लागू किया जा रहा है। इसी तरह युवाओं के लिए समय पर एवं पारदर्शिता के साथ रोजगार उपलब्ध करवा रहीं हैं। हमारी सरकार जनहित एवं प्रदेश की उन्नित और प्रगति के लिए भरपूर कार्य कर रही हैं।

## जब-जब समाज में अंधकार छाया, तब ब्राह्मणों ने आलोक पथ दिखाया : राज्यपाल




**राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छत्रपति संभाजी नगर में विप्र फाउंडेशन, विभागीय अधिवेशन का उद्घाटन किया।**

**जयपुर** (कासं)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छत्रपति संभाजी नगर में विप्र फाउंडेशन, विभागीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि जो समाज महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और सामाजिक समरसता के लिए कार्य करता है, वही निरंतर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विप्र सिर्फ समाज ही नहीं बल्कि भारत की संस्कृति है। जो ब्रह्म यानी अंतिम सत्य को जानता है, वही विप्र है।

बागडे ने वैदिक काल से ब्राह्मणों के रहे गौरवमई अतीत को स्मरण करते हुए कहा कि जब-जब समाज में अंधकार छाया है, धरती पर विधर्मियों के कारण संकट आए हैं, तब ब्राह्मणों ने आगे आकर समाज को आलोक पथ दिखाने का कार्य किया है।

उन्होंने विप्र समाज द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली और कहा कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए समाज निरंतर कार्य करे। उन्होंने भगवान परशुराम और उनके तेज को स्मरण करते हुए महाराष्ट्र, बंगाल, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक आदि में विप्र समाज संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यो को महत्वपूर्ण बताया।

आरंभ में विप्र फाउंडेशन के राजेश बुटोते, सुरेश पारीक, सी.एम. शर्मा आदि ने राज्यपाल बागडे का अभिनंदन करते हुए आभार जताया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में ''मन की बात'' कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज ''मन की बात'' कार्यक्रम की 118वीं कड़ी का लाइव प्रसारण सुना गया। भाजपा संगठन पर्व प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया की उपस्थिति में भाजपा पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को ध्यान पूर्वक सुना। इस दौरान संगठन पर्व के प्रदेश सह प्रभारी हरिराम रणवां, भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, मनीष सिसोदिया सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा संगठन पर्व प्रदेश संयोजक नारायण पंचारिया ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2025 में पहली बार मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए संविधान सभा के सदस्यों को नमन किया और बाबा साहब अंबेडकर, डॉ राजेंद्र प्रसाद तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ऑरिजनल ऑडियो सुनाई। मोदी ने इन महापुरूषों के विचारों से प्रेरणा लेने तथा भारत निर्माण के लिए कार्य करने का आग्रह किया।

उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना पर भी चर्चा की। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से लेकर गंगा सागर मेला, पौष शुक्ल द्वादशी रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर्व की वर्षगांठ पर भी मन की बात कार्यक्रम में चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज के कार्यक्रम में विशेष रूप से इंसानों तथा जानवरों के मध्य आपसी संबंधों की भी चर्चा की। मोदी ने इस कार्यक्रम में अंडमान निकोबार द्वीप समूह पर आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाए जाने के किस्सें भी देशवासियों के सामने सुनाए। मोदी ने 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पराक्रम दिवस मनाए जाने पर भी देशवासियों से चर्चा की। मोदी का यह कार्यक्रम प्रेरणादायक रहा।

## कांग्रेस ने यमुना जल समझौते को रद्द करने के मंसूबे पाले : सुरेश सिंह रावत

### कांग्रेस ने भ्रष्टाचार कर जनता को प्यासा रखा, हमारी सरकार हर घर पहुंचा रही है जल : कन्हैया लाल चौधरी

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के नव युग का सूत्रपात जल क्रांति के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने करीब 3 दशकों से अटके यमुना जल समझौता आगे बढ़ाया, जिससे शेखावाटी क्षेत्र की आस को नई उम्मीद मिली है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी पानी-बिजली को प्राथमिकता नहीं समझा और प्रदेश की महती जल परियोजनाओं जैसे-ईआरसीपी, यमुना जल समझौते को लटकाया-भटकाया। यमुना जल समझौते की नींव प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भैरोंसिंह शेखावत ने रखी। कांग्रेस ने इसके लिए ना तो कोई कारगर कदम उठाएं, और ना ही कोई कार्ययोजना बनाई।

■ **'मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भगीरथी प्रयास ला रहे रंग, जल स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा राजस्थान'**

कांग्रेस ने इस संबंध में इतिहास में कभी केन्द्र सरकार को पत्र तक नहीं लिखा और वर्तमान में भी हरियाणा चुनाव के घोषणा पत्र में यमुना जल समझौते को रद्द करने के मंसूबे जाहिर किए।

रावत ने कहा कि मई 1994 में यमुना जल पर समझौते के अनुसार अपर यमुना रिवर बोर्ड द्वारा ताजेवाला हैड (हथिनीकुंड बैराज) पर मानसून अवधि मे 1917 क्यूसेक जल राजस्थान को आंवटित किया गया था। लेकिन तीन दशकों के बाद इस समझौते को एक नई दिशा मिली, जब 17 फरवरी, 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप राजस्थान और हरियाणा की सरकार के मध्य केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री की उपस्थिति में नई दिल्ली में एमओयू पर हस्ताक्षर हुए और जल्द ही दोनो राज्यों की संयुक्त टास्क फोर्स डीपीआर बनाएगी।

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने जल जीवन मिशन को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाया और प्रदेश की जनता को प्यासा रखा। हमारी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत 10 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल पहुचाया हैं। साथ ही, भूजल के नियंत्रित दोहन व भूजल संसाधनों का प्रबंधन व प्रभावी नियंत्रण की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ''जल संचय जन भागीदारी'' के आव्हान पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान' की पहल की है। जिसके अन्तर्गत राजस्थान में व्यर्थ बहकर चले जाने वाले वर्षा जल की एक-एक बूंद का संचय एवं संग्रहण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में लगभग 4 सहित प्रदेश में कुल 45000 रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण का लक्ष्य रखा गया। प्रदेश के भामाशाह, प्रवासी राजस्थानी एवं उद्यमी जल संचय के इस अभियान में अपनी भूमिका निभाते हुए जल संचयन संरचनाओं के निर्माण का संकल्प ले रहे हैं।

## वासुदेव देवनानी पटना पहुंचे

**जयपुर।** विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को पटना पहुंचे। देवनानी के साथ विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा भी पटना गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर देवनानी की अगवानी बिहार विधानसभा के अधिकारी और विधानसभा के उप सचिव सुशील शर्मा ने की। देवनानी पटना में सोमवार से बिहार विधानसभा पटना में आयोजित होने वाले 85 वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। देवनानी इस सम्मेलन में संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संवैधानिक मूल्यों को सशक्त बनाये रखने में संसद एवं राज्य विधानमण्डलों के योगदान विषय पर देश के विभिन्न राज्यों के विधानमण्डलों के प्रतिनिधिगण को सम्बोधित करेंगे। देवनानी सम्मेलन में भाग लेने के बाद नालंदा, बोधगया और गया जैसे पवन स्थलों का दौरा भी करेंगे।

## शोभायात्रा व भजन संध्या आयोजित

**जयपुर** । टीडा गेला दादीजी के दिव्य रथ का स्वागत जयपुर के दादी भक्तों के द्वारा किया गया। श्री दुर्गा मंदिर अंबाबाड़ी में विशाल शोभा यात्रा की शुरुआत दादीजी की विशेष आरती के साथ की गई। शोभायात्रा दोपहर 2 बजे उत्सव स्थल 2 सेक्टर विद्याधर नगर पहुंची, जहां भक्तों द्वारा प्रसादी लेने के बाद शाम 4 बजे से भव्य कीर्तन का शुभारंभ हुआ।

## अनेक गुणों का समुच्चय है गौमाता, इसका दूध अमृत है : अशोक गुप्ता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गो सेवा गतिविधि के अन्तर्गत प्रदेश स्तरीय गो-विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा 2024 स्थानीय स्वास्तिक भवन, आदर्श विद्यामंदिर, अंम्बाबाड़ी में आयोजित की गई। संघ दृष्टि से जयपुर प्रांत के 21 जिलों में बाल एवं किशोर दो आयुवर्ग के लिए आयोजित परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अलग-अलग वर्ग के कुल 143 प्रतिभागियों में से 81 भैया, बहनों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के साथ ही स्वास्तिक भवन, आदर्श विद्या मंदिर, अंबाबाडी में जिले के विजेताओं विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जयपुर प्रांत में जिला स्तर पर आयोजित परीक्षा में 2500 स्कूलों के 90 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया।

गो विज्ञान व सामान्य ज्ञान परीक्षा में विजेता रहे विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए जयपुर प्रांत के गो सेवा प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि हम हमारी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं, गौ माता जिन्हें सृष्टि का आधार कहा है, जिसे मां कहा है हमने, मां शब्द की जिससे उत्पत्ति हुई हैं, ऐसी गो माता कष्ट भोग रही हैं। उसका कारण एक मात्र यही है स्वाभिमान शून्यता और जानकारी का अभाव। उन्होंनें गो सेवा विभाग की पृष्ठभूमि एवं गो संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा गौ माता हमारे दैनिक जीवन में यानि जन्म लेने से मृत्यु तक हर प्रकार से हमारा पालन पोषण करती है। गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का निवास है, अनेक गुणों का समुच्चय है गौमाता।

इसका दूध, दूध नहीं अमृत है। उन्होंने भारतीय एवं विदेशी नस्ल की गायों के बीच भेंद का खुलासा करते हुए कहा भारतीय नस्ल की गाय है। विदेशी नस्ल की अन्य जो गाय है वो वास्तव में गाय नहीं हैं, गाय जैसा प्राणी है और दूध जैसा पदार्थ देती हैं। जिस दूध के गुणों की दृष्टि से अनुसंधान करने के बाद वैज्ञानिकों ने पाया उसमें केंसर कारक तत्व हैं। इसका परिणाम यह रहा न्यूजीलैंड की सरकार ने कानून बनाकर वहां के गौ पालकों पर प्रतिबंध तक लगा दिया हैं।

उन्होंने भारतीय नस्ल की गायों के संरक्षण पर जोर देते हुए कहा गाय पालन, पोषण हो, यह बचे। आज गो माता को बचाने के लिए संघ ने अलग से विभाग बनाया हुआ है। ताकि भारतीय नस्ल के गोवंश को बचाया जा सकें। भारत में लगभग 200 प्रकार की गायें थीं,अब 32 नस्ल की गोवंश उपस्थित हैं। परीक्षा आयोजन गाय के महत्व को जानने और अपने जीवन में धारकर गौमाता की उपयोगिता को स्थापित करना उददेश्य था।

स्वास्तिक भवन आदर्श विद्यामंदिर अम्बाबाडी में आयोजित विद्यार्थी सम्मान समारोह में उपस्थित प्रांत गो सेवा सह संयोजक मोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा जब देश के प्रधानमंत्री के घर में गाय हो सकती है तो हमारे घर में क्यों नहीं? दुनिया में आज भी भगवान कृष्ण को महान योजनाकार कहा जाता है। ऐसे श्रीकृष्ण सहित हमारे पूज्य गोगा जी महाराज, देवनारायण महाराज अन्य प्रदेश लोकदेव रहे हो उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गाय की सेवा और उसकी रक्षा लगाया हैं।

उन्होंने गाय के दूध के गुणों के कारण को स्पष्ट करते हुए गो माता को बचाने के लिए क्या करना इससे अवगत कराते हुए कहा गोमाता के सूर्य केतू नाडी में सोने का मिश्रण दूध मे होने से उसका पीलापन होता है। जिससे गाय का दूध हमें रोग प्रतिरोधक क्षमता देता हैं। हमें गाय को बचाने के लिए तीन बातों का ध्यान रखना। अगरबत्ती के स्थान पर धूपबत्ती, दीपक और हवन यज्ञ में गोमाता के घी का प्रयोग और तीसरा शिव अभिषेक में गौमाता के दूध का प्रयोग अन्यथा शुद्ध पानी से अभिषेक करना। यह तीन बातें हम जीवन में अंगीकार करते है तो हम गाय को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

सिंह ने भगवान श्री कृष्ण को नंद बाबा और यशोदा का लाडला बताते हुए कहा नंद कोई व्यक्ति का नाम नहीं है नंद जो नौ लाख गायों का पालन, पोषण करता है उसे नंद कहा जाता है पुराने भारत वर्ष में जिनके नौ लाख गाय होती थी उसको नंद राज कहा जाता था। ऐसे नंद राजा के घर में कृष्ण का लालन पोषण हुआ।

## चिकित्सा शिविर आयोजित

**जयपुर।** प्रान्तीय सेवा भारती समिति ने रविवार को कठपुतली नगर, ज्योति नगर मोड़ स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र सेवा प्रमुख शिव लहरी और राष्ट्रीय सेवा भारती के क्षेत्रीय प्रकाशन प्रमुख मूलचंद सोनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रांतीय सेवा प्रमुख सूर्य प्रकाश, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी, स्थानीय पार्षद, कॉलोनी के गणमान्य नागरिक और सेवा भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एस.आई.भर्ती में यथास्थिति के खिलाफ खंडपीठ में अपील पेश

**जयपुर।** पुलिस उप निरीक्षक भर्ती 2021 में एकलपीठ की ओर से दिए गए यथा स्थिति और फील्ड पोस्टिंग रोकने के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में याचिका दायर की गई है। चैतन्य सिंघल व करीब चार दर्जन अन्य अपीलार्थियों की ओर से दायर इस अपील पर हाईकोर्ट की खंडपीठ 22 जनवरी को सुनवाई करेगी।

अपील में कहा गया कि एसआईटी, महाधिवक्ता और कैबिनेट सब कमेटी की राय केवल सुझावात्मक है और राज्य सरकार उनकी सलाह को मानने के लिए बाध्य नहीं है।

इसके अलावा मामले में अभी यह तय नहीं हुआ है कि परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग किया गया है या नहीं? यह मामला निचली अदालत में विचाराधीन है। ऐसे में यदि अपीलार्थियों पर कोई विशिष्ट आरोप नहीं है तो केवल याचिका में लगाए गए आरोपों के आधार पर उन्हें सेवा से बाहर नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि हाईकोर्ट की एकलपीठ ने गत 18 नवंबर को मामले में यथा स्थिति के आदेश दिए थे। इसके बाद अदालत में 6 जनवरी और 9 जनवरी को सुनवाई करते हुए भर्ती प्रक्रिया पर आगामी कार्रवाई नहीं करने को कहा था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय ने 10 जनवरी को आदेश जारी कर फील्ड ट्रेनिंग कर रहे ट्रेनिंग पुलिस उप निरीक्षकों को जिला मुख्यालय पर वापस बुला लिया था।

## राजस्थान के विद्युत निगमों की कुश्ती टीम ने 2 कांस्य पदक जीते




**जबलपुर में आयोजित अखिल भारतीय विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता में जयपुर डिस्कॉम के डीग में कार्यरत टेक्नीशियन रिंकू और अलवर में कार्यरत दीपक ने कांस्य पदक जीते।**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान के विद्युत निगमों की कुश्ती टीम ने 46वीं अखिल भारतीय विद्युत खेल नियंत्रण बोर्ड की कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक प्राप्त किये है।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान कुश्ती टीम के मैनेजर महेश कुमार नामा, कनिष्ठ अभियंता, जयपुर डिस्कॉम ने बताया कि मध्य प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा 15 से 17 जनवरी तक जबलपुर में आयोजित 46वीं अखिल भारतीय विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान के विद्युत निगमों की कुश्ती टीम ने पहली बार दो पदक प्राप्त किए हैं।

प्रतियोगिता में 86 किलोग्राम भार वर्ग में जयपुर विद्युत वितरण निगम के अलवर जिले के अधीक्षण अभियंता कार्यालय में हेल्पर प्रथम के पद पर कार्यरत दीपक कुमार ने कांस्य पदक जीता। इसी तरह जयपुर विद्युत वितरण

■ **15 से 17 जनवरी तक जबलपुर में आयोजित हुई थी 46वीं अखिल भारतीय विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता**

के डीग जिले के कुम्हेर सब डिवीजन कार्यालय में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत रिंकू ने भी 97 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया।

जबलपुर से वापस आने पर विद्युत निगमों के उच्चाधिकारियों ने दोनों कर्मचारियों को शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। अजमेर विद्युत वितरण निगम के सूचना सहायक सुनील कुमार चतुर्वेदी जो की मूक बधिर भी है, उन्होंने 92 किलोग्राम भार वर्ग में अच्छा प्रदर्शन किया। सुनील ने मूकबधिर कुश्ती प्रतियोगिताओं में भी राज्य स्तर पर कई पदक जीते हैं।

## खुद को ए.टी.एस. का अधिकारी बताकर ठगी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

### रामगंज थाना पुलिस ने आरोपी ऋषभ अजमेरा को गुड़गांव से दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऐसे एक शातिर ठग को गुड़गांव से पकड़ा है, जो खुद को एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (ए.टी.एस.) में अधिकारी बताता था। फिर लोगों को अपने जाल में फांसता और फिर सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन बुक की गई रेंटल कार को खुद की बताकर बेच देता था। पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि रामगंज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ठगी के मामले में आरोपी ऋषभ अजमेरा (40) निवासी गुंटूर आंध्र प्रदेश हाल सिरसी रोड बिंदायका को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में फेक डॉक्यूमेंट से रेंटल कार को बेचने का मामला रामगंज थाने में दर्ज हुआ था।

इसके बाद थानाधिकारी देवेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में टीम ने मोबाइल लोकेश के

■ **सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन बुक की गई रेंटल कार को खुद की बताकर बेच देता था।**

■ **आरोपी ने किराए की कार का जयपुर निवासी व्यक्ति से 7.40 लाख रुपए में सौदा किया था**

आधार पर गुड़गांव के इफ्को चौक से आरोपी ऋषभ अजमेरा को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने खुद को ए.टी.एस. अधिकारी बताकर लोगों से मिलकर अपने जाल में फांसना बताया। सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन ली रेंटल कार को ऑनर बनाकर बेच कर ठगी करना स्वीकार किया। थानाधिकारी देवेन्द्र प्रताप ने बताया कि घाटगेट बाजार रामगंज निवासी जावेद जोया (25) ने 5 जनवरी को मामला दर्ज करवाया था कि करीब 4-5 महीने पहले साथ क्रिकेट खेलने पर ऋषभ अजमेरा से मुलाकात हुई थी। जान-पहचान के दौरान उसने खुद को एटीएस में अधिकारी होना बताया। उसके साथ ही गाड़ियों की खरीद-फरोख्त व कमीशन का भी काम करना बताया। रिषभ अजमेरा ने वॉट्सऐप कॉल कर उसकी पोस्टिंग गुड़गांव में होना बताया। इसके कारण उसकी कार को बेचने के बारे में बताया। कार की फोटो व डॉक्यूमेंट वॉट्सऐप पर भेजकर सौदा 7.40 लाख रुपए में तय किया। कार लेकर जयपुर आने की कहने पर ऋषभ अजमेरा ने सरकारी काम में व्यस्त होना बताया। उसे पैसे लेकर गुड़गांव आने के लिए बुलाया। दोस्त के साथ वह कार लेने गुड़गांव पहुंचा। कीया कार पसंद आने पर डॉक्यूमेंट लेकर 7.40 लाख रुपए दे दिए। कार लेकर जयपुर आकर आरटीओ ऑफिस में नाम ट्रांसफर कराने गए तो कार के डॉक्यूमेंट फर्जी होने का पता चलने पर रिषभ अजमेरा से सम्पर्क किया। हर बार संपर्क करने पर नया बहाना बनाकर टालमटोल करता। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मेल आईडी के जरिए दो दिन के लिए सेल्फ ड्राइविंग के लिए किया कार बुक करवाई थी। कार लेने नहीं जाने पर कंपनी का वर्कर उसके पास आकर कार और डॉक्यूमेंट दे गया। कार को जावेद जोया को बेच कर रुपए ले लिए। उसके बाद ऑनलाइन दूसरी कंपनी से ब्रिजा कार लेकर बेचना चाहता था। जिसकी फोटो जावेद जोया को भी भेजी थी। इससे पहले क्रेटा कार को सांभर लेक जयपुर में एक व्यक्ति को बेचना तय हुआ। उस व्यक्ति से 70 हजार रुपए लेकर कार नहीं दी।

# पत्थर से कुचली युवक की लाश मिलने के मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार

## एक ही कमरे में रहने और साथ मजदूरी करने वाले साथी ने ही युवक की हत्या की थी



हमीरगढ़ थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में साथी युवक को गिरफ्तार किया।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित ईको पार्क में गत दिनों पत्थर से कुचली युवक की सड़ी-गली लाश मिलने के मामले में पुलिस ने उसी के साथ एक ही कमरे में रहने और साथ मजदूरी करने वाले साथी को गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार, हमीरगढ़ क्षेत्र स्थित ईको पार्क में आठ जनवरी को एक युवक का क्षत-विक्षत शव खाई में पड़ा मिला, जो दो से तीन दिन पुराना था। पुलिस ने पहचान के अभाव में शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया था। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने एएसपी पारसमल के निर्देशन और डीएसपी सदर श्यामसुंदर विश्नोई के निकटतक सुपरविजन और थाना प्रभारी संजय गुर्जर के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम ने अथक प्रयास के बाद मृतक की पहचान पहले मुंबई निवासी सिराज खान पुत्र इलियास खान के रूप में की।

बाद में पता चला कि युवक मूलरूप से उत्तरप्रदेश के अमेठी जिले के पुलिस थाना बाजार शुकुल के गांव पूरेमौला का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुये पड़ताल शुरु की। टीम को अहम सुराग हाथ लगे। टीम को समस्तीपुर, बिहार भेजा गया। पुलिस मामले में संदिग्ध मोहम्मद तनवीर को डिटेन कर यहां ले आई। पूछताछ करने पर आरोपित ने जुर्म कबूल कर लिया। इसके चलते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को वारदात स्थल पर मृतक का एक फैक्ट्री का बना हुआ कार्ड भी मिला, जो कई टुकड़ों में फटा हुआ था, जो कत्ल के बाद आरोपित ने फाड़ दिया था। पुलिस ने इस कार्ड के टुकड़ों को जोड़ा तो मोबाइल नंबर का पता चला। इसके बाद जांच की तो सिराज का नाम सामने आया। पुलिस ने मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवाई। तनवीर के बारे में पता किया तो उसके, सिराज के साथ ही रहने और साथ काम करने के साथ ही स्वरुपगंज से फरार होने का पता चला। यहीं से पुलिस का शक तनवीर पर बढ़ गया। मृतक सिराज की कॉल डिटेल पुलिस ने निकलवाई तो अंतिम लोकेशन दिल्ली में आई। यह फोन कत्ल के बाद आरोपित तनवीर अपने साथ ले गया था।

थाना प्रभारी संजय गुर्जर ने बताया कि सिराज खान और मोहम्मद तनवीर पूर्व में मुंबई में एक साथ काम करते थे, जहां सिराज की पत्नी से मोहम्मद तनवीर की जान-पहचान हो गई। दोनों की मोबाइल पर वार्ता होती थी। इसका पता सिराज खान को चल गया था। इसके चलते उसने अपनी पत्नी को अपने गांव सुल्तानपुर भिजवा दिया। इसके बाद सिराज व मोहम्मद तनवीर भीलवाड़ा आ गये। दोनों स्वरुपगंज में किसी भगवतीलाल उर्फ भवानीलाल टेलर के मकान में एक ही कमरे में साथ रहकर लग्नम फैक्ट्री में मजदूरी कर रहे थे। सिराज की पत्नी की मुंबई में तनवीर से जान-पहचान हो गई थी, इसके चलते वह मन ही मन सिराज की पत्नी को अपनी पत्नी बनाने की इच्छा रखने लगा था, लेकिन इसमें सिराज को रोड़ा मानते हुये उसकी हत्या की तनवीर ने प्लानिंग की।

पुलिस ने बताया कि वारदात के दिन सिराज खान और मोहम्मद तनवीर को अपने-अपने गांव जाना था। इसके चलते दोनों स्वरुपगंज से निकले। मोहम्मद तनवीर, सिराज को ईको पार्क घूमाने के बहाने ले गया। जहां तनवीर ने शराब पिलाई। इसके बाद बीयर की बोतल से कई वार सिराज के सिर पर किये। बाद में शव को खाई में डालकर उसके मुंह पर दो पत्थर डाल दिये। कत्ल के बाद तनवीर अपने गांव भाग गया। सुराग मिलने पर पुलिस टीम भी वहां जा पहुंची और आरोपित को डिटेन कर यहां ले आई और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जांच में मृतक का नाम तो मिल गया, लेकिन उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो सका था। ऐसे में 72 घंटे शव सुरक्षित रखने के बाद पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर पुलिस ने शव को एक संस्था के सहयोग से दफन करवा दिया था।

# आबकारी थाने से शराब भरकर ले जा रहे तस्कर गिरफ्तार

## एसपी अरशद अली ने मामले में आबकारी थाने की मिलीभगत होने का आरोप लगाया

- **चैकिंग के दौरान पंजाब निर्मित शराब के 130 कार्टन मिले, तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक पिकअप और एस्कॉर्ट कर रही फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की**
- **मामले में गिरफ्तार तस्करों ने खुद कबूल किया है कि उन्होंने यह नशे की खेप आबकारी थाने से पिकअप में लोड करवाई थी, इस पिकअप को एस्कॉर्ट करने के लिए इसके साथ एक फॉर्च्यूनर भी चलती थी : एसपी**

**हनुमानगढ़,** (निसं)। आबकारी द्वारा जब्त की शराब की पेटियों को पुलिस ने एक घंटे बाद तस्करों से दोबारा बरामद किया। इसके बाद एसपी अरशद अली ने पूरे मामले में आबकारी थाने की मिलीभगत होने का आरोप लगाया है।

एसपी अरशद अली का कहना है कि दोबारा जब्त की शराब उसी बैच की है जिस जखीरे को आबकारी ने जब्त किया था। एसपी का दावा है कि उनके पास इस पूरी मिलीभगत का वीडियो भी है। एसपी अरशद अली ने बताया कि मामले में गिरफ्तार 3 तस्करों ने खुद कबूल किया है कि उन्होंने यह नशे की खेप आबकारी थाने से पिकअप में लोड करवाई थी। वहीं इस पिकअप को एस्कॉर्ट करने के लिए इसके साथ एक फॉर्च्यूनर भी चलती थी। मामले को लेकर एसपी अरशद अली ने रविवार दोपहर जानकारी देते हुए बताया कि पंजाब निर्मित शराब की खेप ले जा रहे संगरिया निवासी अभिषेक उर्फ सेठी (32), रावतसर निवासी हरजिन्द्र सिंह (30) और फतेहपुर निवासी हरविन्द्र सिंह (27) को गिरफ्तार किया है। टीम मौके से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के 130 कार्टन, तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक पिकअप और एस्कॉर्ट कर रही फॉर्च्यूनर कार भी जब्त की।

एसपी ने बताया कि तस्करों से पूछताछ में सामने आया है कि उन्होंने यह शराब आबकारी थाने से भरवाई है। इसके बाद मामले की जांच की तो आबकारी थाने के अधिकारी-कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आई। हमारे पास इसके वीडियो भी हैं। जांच में यह बात तो पक्की है कि शराब आबकारी थाने से ही आई है। अभी इसमें किस-किस की मिलीभगत है, इसकी जांच की जा रही है। वेरिफिकेशन से भी साबित है कि शराब आबकारी थाने से ही आई है।

पुलिस के अनुसार आबकारी विभाग ने देर रात सवा दो बजे बाड़मेर ले जाई जा रही पंजाब निर्मित शराब को जब्त किया था। इसके बाद करीब सवा तीन बजे जंक्शन थाना और डीएसटी टीम एसपी ऑफिस के बाहर नाकाबंदी पर खड़ी थी। इस दौरान सफेद कलर की फॉर्च्यूनर को रुकवाया इसी दौरान पीछे से शराब भरी पिकअप भी आई। चैकिंग के दौरान पंजाब निर्मित शराब के 130 कार्टन मिले। यह उसी बैच की शराब जिसे एक घंटे पहले आबकारी ने जब्त किया था।

एसपी ने बताया कि अभी तक पता चला है कि आबकारी विभाग ने 380 पेटी शराब जब्त करने की बात दिखाई थी, जबकि उन्होंने कई ज्यादा पेटियां पकड़ी थी। इस मामले में आबकारी थाने के कुछ कर्मचारियों को नामजद किया गया है। जब मामला इतना संगीन है तो मैं खुद इस मामले को गंभीरता से देखते हुए जांच कर रहा हूं। तीनों आरोपियों में से एक आरोपी भी पहले से पकड़ा गया है सीओ सिटी मीनाक्षी के निर्देशन में जंक्शन थानाप्रभारी लक्ष्मण सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एएसआई कृष्ण कुमार ने मय जाब्ता इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

# नीलगाय का रेस्क्यू किया, डेम से बाहर निकालकर जान बचाई

**सादुलपुर,** (निसं)। तहसील के पास स्थित श्री शंकरनाथ गौशाला एवं श्री श्याम गोवंश हॉस्पिटल राधा छोटी की टीम ने एक नीलगाय का रेस्क्यू किया और सुरक्षित बाहर निकालकर जान बचाई।

जानकारी में नील गाय राजगढ़ के पास एक मछली फार्म के डेम में गिर गई थी। टीम ने भीषण ठंड में कड़ी मशक्कत के बाद वन्य जीव नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाला और राजगढ़ वन विभाग के अधिकारी मांगेराम श्योराण टीम को सौंप दिया। इस रेस्क्यू मिशन में श्री शंकर नाथ गौशाला राधा छोटी के प्रधान संदीप पूनिया, ठेकेदार रविंद्र मिंटू नेहरा, अंजय पूनिया बागी, डॉ. अंकित, सचिन, सतीश, प्रवीण, जलेसिंह, सोमवीर प्रदीप, शौकत अली व प्रदीप झाझड़िया आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं स्थानीय लोगों ने श्री श्याम गौवंश हॉस्पिटल राधा छोटी टीम के सदस्यों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि यह टीम हमेशा बेसहारा पशुओं व वन्य जीवों की सहायता के लिए तैयार रहती है, जो कि क्षेत्र में यह एक अनोखी मिसाल है।

## 40 लाख की स्मैक पकड़ी

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर शहर की पुलिस लाइन कच्ची बस्ती में पुलिस ने 177.43 ग्राम स्मैक बरामद कर मुल्जिम गुलाबसिंह को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ऑपरेशन मद मर्दन के तहत अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित मुल्जिम गुलाबसिंह को गिरफ्तार किया, स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रूपये है।

# शाहपुरा जिला बचाओ आंदोलन जारी, रैली निकाली

**शाहपुरा,** (निसं)। जिला बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा उपखंड कार्यालय शाहपुरा के बाहर 11वें दिन प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन शाहपुरा के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना दिया।

संघर्ष समिति के महासचिव व अभिभाषक संस्था के सहसचिव कमलेश मुण्डेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा व संयोजक रामप्रसाद जाट ने क्रमिक अनशन धरने पर बैठे प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन शाहपुरा के अध्यक्ष राजेंद्र बोहरा के नेतृत्व एवं संरक्षक रामस्वरूप खटीक व अजय मेहता के सानिध्य में राजेंद्र लढा, उपाध्यक्ष रामस्वरूप टेपन, कोषाध्यक्ष व भाजपा नेता महेंद्र झंवर, प्रॉपर्टी व्यवसायी व भाजपा किसान मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेश गुर्जर, भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण कोली, पार्षद अमजद खान, ओम सिंधी, प्रेम शारदा, विनोद जैन, योगेश मनियार, अनिल पाटनी, सुरेश सिंधी, रामस्वरूप खींची, दलीचंद खटीक, नूर मोहम्मद, धनराज जीनगर, विनीत बुनकर, मदन खटीक, सतनारायण खटीक, रोशन सुवालका, सफी मोहम्मद, शिव बाबू काबरा, दिलीप खंडेलवाल, किशन खारोल, पिंटू सुवालका, रामनाथ खारोल, किशन कहार, सत्यनारायण गुर्जर, खुर्शीद मंसूरी, राजू कायमकानी, प्रेम सिंह यादव, रोशन मंसूरी, सत्यनारायण तेली सहित कई सदस्यों को माला पहनाकर धरने पर बैठाया।

प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के सदस्य आसपास के कई गांवों से महलों के चौक शाहपुरा में एकत्रित होकर रैली निकालते हुए त्रिमूर्ति चौराहा पहुंचे। बाहरेट स्मारक पहुंच कर प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया और त्रिमूर्ति चौराहे पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया उसके बाद त्रिमूर्ति चौराहे से उपखंड कार्यालय तकविशाल रैली निकाल कर नारेबाजी कर धरना स्थल पर पहुंचे और शाहपुरा जिला को समाप्त करने के विरोध में नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और शाहपुरा को वापस जिला बनाने की मांग की।

जिला बचाओ संघर्ष समिति के महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि 20 जनवरी को क्रमिक अनशन धरने पर मुस्लिम समाज शाहपुरा के समाजजन सदर काजी के नेतृत्व में फुलिया गेट चौराहे से बालाजी की छतरी होकर त्रिमूर्ति चौराहे पर प्रदर्शन करते हुए विशाल रैली निकलते हुए धरना स्थल पर पहुंचेंगे और धरने पर बैठेंगे तथा राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को ज्ञापन सौंपेंगे।

## देह व्यापार में लिप्त 28 गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। गोगुन्दा कस्बे में स्थित द पीनाकल प्रियाण फार्म हाउस पिलाना की भागल पर पुलिस ने दबिश देकर रेव पार्टी आयोजन व अनैतिक देह व्यापार में लिप्त एक अमेरिकन एनआरआई, 10 युवतियों सहित 28 लोगों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठोड़ के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से गोगुन्दा कस्बे में स्थित द पीनाकल प्रियाण फार्म हाउस पिलाना की भागल पर अमित प्रधान नामक व्यक्ति द्वारा लड़कियां मंगवाकर उनसेअनैतिक देह व्यापार कराने, प्रत्येक ग्राहक से 10 हजार रूपये लेने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच कर दबीश दी। इसी दौरान आईपीएस प्रोशनर माधव उपाध्याय के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर कैलाश चन्द्र बोरीवाल के नेतृत्व में गठित दल ने द स्काई साईन होलिडे होम खुमाणपुरा पर दबीश गई।

# डिप्रेशन की शिकार महिला ने फांसी लगाई

- **महिला के बेटे का आरोप है कि जिस एंबुलेंस से उसकी मां को अस्पताल ले जाया गया, उसमें ऑक्सीजन तक नहीं थी**
- **एंबुलेंस पायलेट ने आरोपों को नकारते हुये महिला के साथ एंबुलेंस से आये लड़कों पर मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप लगाये**

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की जवाहरनगर कॉलोनी में रविवार सुबह डिप्रेशन की शिकार महिला ने फांसी लगा ली। महिला को 108 एंबुलेंस से एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, महिला के बेटे का आरोप है कि जिस एंबुलेंस से उसकी मां को अस्पताल ले जाया गया, उसमें ऑक्सीजन तक नहीं थी। अस्पताल पहुंचने के बाद भी एंबुलेंस का गेट नहीं खुला। इसकी वजह से उसकी मां की मौत हो गई। बेटा, अब कार्रवाई की मांग कर रहा है। वहीं एंबुलेंस पायलेट ने इन आरोपों को नकारते हुये महिला के साथ एंबुलेंस से आये लड़कों पर मारपीट व तोड़फोड़ के आरोप लगाये हैं।

जानकारी के अनुसार बिहार के पटना जिले के निवासी गौरव पुत्र प्रशांत कुमार राम ने बताया कि रविवार को उसका अवकाश था। इसके चलते वह सो रहा था। उसकी मां सुलेखा (49) उसके पिता प्रशांत के लिए खाना बनाया और उसके बाद पिता फैक्टरी चले गये। गौरव ने कहा कि इसके बाद उसके मोबाइल पर फ्रेंड का कॉल आया, जिससे उसकी आंख खुली और उसने देखा तो उसकी मां ड्रम पर चढ़कर रस्सी के फंदे से पंखे से लटकी हुई थी। इसके चलते उसने तुरंत ही रस्सी काटकर मां सुलेखा को फंदे से उतारा, तब उसकी सांसें चल रही थी। इसके बाद 108 एंबुलेंस को कॉल किया। फोन करने के बावजूद एंबुलेंस देर से पहुंची। इसके बाद मां सुलेखा को एंबुलेंस में लिटाया। एंबुलेंस में ऑक्सीजन तक नहीं थी। जैसे-तैसे एमजी अस्पताल पहुंचे तो एंबुलेंस का 15 मिनिट तक गेट नहीं खुला।

गौरव ने बताया कि उसने पायलेट के कहने पर एंबुलेंस का गेट का शीशा तोड़ा और इसी रास्ते से मां को जैसे-तैसे बाहर निकाला और डॉक्टर्स के पास ले गये। गौरव ने बताया कि डॉक्टर्स ने उसकी मां को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर्स ने यह भी कहा कि 10-15 मीनिट पहले सुलेखा को ले आते तो उसे बचा लिया जाता। गौरव का आरोप है कि एंबुलेंस स्टॉफ की लापरवाही से उसकी मां की मौत हुई है। गौरव अब एंबुलेंस स्टॉफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहा है।

प्रताप नगर थाना क्षेत्र की 108 एंबुलेंस के पायलेट लवेश मीणा ने कहा कि रविवार सुबह 9.51 बजे जयपुर 108 कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि प्रताप नगर थाना इलाके में एक महिला की हालत बिगड़ गई। इस सूचना पर पायलेट मीणा व एमटी नेमीचंद जवाहर नगर पहुंचे, जहां महिला को एंबुलेंस में लिटाया। इस दौरान महिला के साथ चार-पांच लड़के भी एंबुलेंस में सवार हो गये।

मीणा ने बताया कि ये लड़के पायलेट पर एंबुलेंस को तेज चलाने का दबाव बनाने लगे। इसके बाद इन लड़कों ने ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं होने का आरोप लगाया, जबकि एंबुलेंस में ऑक्सीजन थी और महिला को ऑक्सीजन दी जा रही थी। इसके बावजूद युवक एंबुलेंस पायलेट व एमटी से गाली-गलौच करते हुये देख लेने की धमकी देने लगे। एमजी अस्पताल पहुंचने पर इन लड़कों ने एंबुलेंस के शीशे, इक्यूपमेंट आदि तोड़ दिये और पायलेट व एमटी के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के चलते वहां अफरा-तफरी मच गई। हालांकि चिकित्सा विभाग का तर्क है कि जिस एम्बुलेस में महिला को लाया गया उसमें ऑक्सीजन और अन्य सुविधाएं पूर्ण है, लेकिन घटना के दौरान का वीडियो सामने आने के बाद सीएमएचओ डॉ. सीपी गोस्वामी का यह दावा खोखला साबित होता नजर आ रहा है।

## शीतलहर से जनजीवन प्रभावित

**मसूदा,** (निसं.)। मसूदा उपखंड क्षेत्र में रविवार अलसुबह से ठंड का असर बरकरार रहा।

ग्रामीणों ने बताया कि ओस और ठिठुरन से आम जनजीवन प्रभावित रहा लेकिन फसलों को बेहद फायदा होगा। एक दिन में मौसम के तीन रंग देखने को मिल रहे हैं। सुबह घना कोहरा छाया रहता है। आसमां से ओस की बूंदें टपक रही हैं। सुबह 10 बजे तक घना कोहरा छाया रहता है साथ ही हवाओं तथा गलन भरी ठिठुरन ने जनजीवन पूरी तरह प्रभावित किया।

# लापता बुजुर्ग का शव कुएं में मिला

- **कुएं पर मिले जूते और थैले से पहचान हुई, क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला गया**

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में सागवाड़ा रोड पर शहर के कुशाल मगरी में एक कुएं में लापता बुजुर्ग का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। बुजुर्ग 3 दिन से घर से गायब था। घटना के बाद लोगों की भीड़ इक- हो गई। पुलिस ने क्रेन की मदद से शव को बाहर निकाला और डूंगरपुर अस्पताल के मॉर्च्युरी में रखवाया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार सदर थाने में 16 जनवरी को मालपुर निवासी 68 वर्षीय शंकर पुत्र धना जोगी की गुमशुदगी परिजनों ने दर्ज करवाई थी। इसके बाद से परिजन शंकर की तलाश में जुटे थे। रविवार सुबह डूंगरपुर शहर में कुशाल मगरी में एक कुएं में व्यक्ति के जूते और उसका थैला पानी पर तैरता हुआ मिला। इसके बाद कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। शव मिलने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस के पहुंचने तक शव का सिर पानी की सतह पर दिखाई देने लगा। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से शव को बाहर निकलवाया। बुजुर्ग के शव की पहचान मालपुर निवासी शंकर के रूप में की गई है जो पिछले 3 दिन से लापता था। पुलिस ने शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया जहां पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं, केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बच्चों की लड़ाई के बाद घर में घुसकर तोड़फोड़

- **हमले में एक महिला सहित दो घायल, 16 नामजद और 15 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज**

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के ओड़ाबड़ा माताजी फला में बच्चों की लड़ाई बड़ों तक पहुंच गई। बच्चों से मारपीट का बदला लेने के लिए दूसरे पक्ष ने 3 घरों में घुसकर हमला कर दिया। घरों में जमकर तोड़फोड़ की। एक बाइक को पत्थरों से तोड़ दिया। हमले में एक महिला और बुजुर्ग घायल हो गए। मामले में 16 आरोपियों को नामजद किया गया है, जबकि 15 अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस घटना को लेकर जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रमेश (30) पुत्र हकरा अहारी मीणा, अरविंद (25) पुत्र बंशीलाल डामोर मीणा और शंकर (42) पुत्र पूंजा अहारी मीणा निवासी ओड़ा बड़ा माताजी फला की ओर से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। उसने बताया कि 14 जनवरी को सुरेश पुत्र वाला खराड़ी निवासी ओड़ाबड़ा नाल फला के साथ मारपीट की घटना हुई थी। इसे लेकर तरुण पुत्र हरीश डामोर ने मारपीट की थी, लेकिन घटना में हमारे परिवार के सतीश पुत्र शंकर अहारी और दिलीप पुत्र हकरा अहारी पर भी मारपीट के आरोप लगाए थे। इसी घटना का बदला लेने और पुरानी रंजिश को लेकर सुरेश और उसके परिवार के लोग 17 जनवरी को हमलावर होकर आए। शाम करीब सात बजे बाइक लेकर सबसे पहले रमेश के घर पहुंचे। घर के बाहर जान से मारने की धमकी दी। इस पर रमेश, उसकी पत्नी अनीता, पिता हकरा घर से बाहर निकले। जिस पर हमलावरों ने घर छोड़कर यहां से भागने की धमकी दी।

उसी समय किसी हमलावर ने उसके पिता हकरा पुत्र थावरा के सिर के पीछे की ओर से थप्पड़ मारे। हमलावरों ने हमला करते हुए घर के बिजली मीटर, दरवाजे और छत के केल फोड़ दिए। इससे परिवार को करीब 20 हजार रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ। इसके बाद हमलावरों ने अरविंद पुत्र बंशीलाल के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। घर पर लगे सीमेंट के टीनशेड तोड़ दिए। अरविंद की पत्नी सोनल दौड़कर घर से बाहर आई तो हमलावरों ने बाहर खींच लिया और धक्का मारा, जिससे उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई। वहीं घर के बाहर खड़ी बाइक भी तोड़ दी। इससे 35 हजार का नुकसान हुआ। हमलावरों ने रास्ते से जा रहे उनके परिवार के बुजुर्ग नाथा पुत्र होमा अहारी से मारपीट की। वहीं शंकर के घर में पथराव करते हुए कवेलु, दरवाजे और लाइट का मीटर तोड़ दिया। इससे करीब 15 हजार का नुकसान हुआ

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**डूंगरपुर,** (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के सुरपुर गांव के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक अपने दोस्त की शादी से वापस अपने घर आ रहा था। तीन दिन पहले ही युवक कुवैत से डूंगरपुर आया था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

सदर थाने के हैड कॉन्स्टेबल गोविंद सिंह ने बताया कि लक्ष्मणपुरा गांव निवासी भंवरलाल पटेल ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि उसका 27 वर्षीय चचेरा भाई यशवंत पाटीदार रविवार सुबह अपने दोस्त की शादी में भाग लेकर वापस अपने घर के लिए बाइक लेकर निकला था। इस दौरान सुरपुर गांव के पास एक तेज रफ़्तार ईको कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में यशवंत गंभीर घायल हो गया। वहीं, ड्राइवर कार लेकर फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगो की भीड़ लग गई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे।108 एम्बुलेंस की मदद से गंभीर घायल यशवंत को डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया, जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रकृति के संरक्षण व जन जागरूकता के लिए ऐसे आयोजन उपयोगी : मंत्री खराड़ी

## उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का समापन, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया




बर्ड फेस्टिवल में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया।

- **बर्ड रेस्क्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को भी बधाई दी**

**उदयपुर,** (निसं)। तीन दिवसीय उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का समापन समारोह रविवार को जनजाति क्षेत्रीस विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने की तथा विशिष्ट अतिथि संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, मुख्य वन संरक्षक एस.आर.वी. मूर्थी व मुख्य वन संरक्षक सुनील छिद्री व ग्रीन पीपल सोसायटी के अध्यक्ष राहुल भटनागर रहे। कार्यक्रम में बर्ड फेस्टिवल के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ बर्ड रेसक्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मंत्री खराड़ी ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए ऐसे आयोजनों की महती आवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ बर्ड रेसक्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना दायित्व निभाएं।

विधायक फूलसिंह मीणा ने ऐसे आयोजन की महत्ता तथा इससे विद्यार्थियों के जुड़ाव को भविष्य में वन एवं पक्षी संरक्षण के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण बताया। प्रदीप सुखवाल द्वारा पक्षियों से संबंधित शोर्ट फिल्म दिखाई गयी। प्रारंभ में उपवन संरक्षक देवेन्द्र कुमार तिवारी ने गत तीन दिवस में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस वर्ष विद्यार्थियों विशेष रूप से युवाओं की भागीदारी अत्यन्त उत्साह वर्धक रही है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पर्यावरणविद् डॉ.सतीश शर्मा ने वन्य एवं वन्यजीव संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। अंत में डब्लूडब्लूएफ इंडिया के अरूण सोनी ने आभार जताया।

कार्यक्रम में अन्य वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी व प्रकृति प्रेमी उपस्थित रहे। बर्ड फेस्टिवल के समापन के अवसर पर ख्यातिप्राप्त पक्षी विशेषज्ञ प्रदीप जोशी एवं भारती शर्मा के द्वारा निर्मित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मेनार के शौर्य एवं पर्यावरण संरक्षण को दिखाते हुए वहां की समृद्ध पारिस्थितिकी को खूबसूरती से फिल्मांकित किया गया है। समारोह में गोगुंदा क्षेत्र में पैंथर प्रकरण पर उत्कृष्ट कवरेज करने को लेकर गोपाल लोढा को कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी व उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने सम्मानित किया। अतिथियों ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में लोढा द्वारा किये प्रयासों की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

# खेल जगत



सूर्या को चैंपियंस ट्रॉफी टीम में होना था। वे गेम चेंजर खिलाड़ी हैं, शुभमन गिल भारत के अगले सुपरस्टार होंगे। टीम में सूर्यकुमार यादव को जगह नहीं मिली।
– सुरेश रैना

**भारतीय बल्लेबाज, सूर्य कुमार यादव का चैंपियंस ट्रॉफी में चयन नहीं होने पर बोलते हुए।**

**आज का खिलाड़ी**



**शाकिब अल हसन**

**बांग्लादेश** के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी हुआ है। रविवार को राजधानी ढाका के एक कोर्ट ने बांग्लादेशी ऑलराउंडर को दो चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। शाकिब के अलावा इस वारंट में तीन अन्य लोगों के नाम भी शामिल हैं। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से ही अवामी लीग के पूर्व सांसद शाकिब विदेश में रह रहे हैं। करीब 6 महीने पहले शाकिब के ऊपर हत्या का आरोप भी लग चुका है। कोर्ट के मुख्य मजिस्ट्रेट जियादुर रहमान ने रविवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** पूर्व कप्तान कपिल देव को भारत का महानतम ऑलराउंडर कहा जाता है। उन्होंने 9,031 रन और 687 विकेट अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में निकाले हैं। वे टेस्ट में 400 से ज्यादा विकेट और 5000 से ज्यादा रन बनाने में सफल रहे थे।

## चार स्पिनरों के जांचे परखे फार्मूले पर निर्भरता के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी से सिराज बाहर



नई दिल्ली, 19 जनवरी। स्पिन पर भारत की निर्भरता और पुरानी गेंद से मोहम्मद सिराज के प्रभावित नहीं कर पाने के कारण चैम्पियंस ट्रॉफी टीम से उन्हें बाहर रहना पड़ गया। भारत ने 19 फरवरी से शुरू हो रहे आठ टीमों के टूर्नामेंट के लिये 15 सदस्यीय टीम का शनिवार को ऐलान किया। भारत को अपने सारे मैच दुबई में खेलने हैं। दुबई की पिचें तेज गेंदबाजों की ज्यादा मदद नहीं करती लिहाजा भारत ने वेस्टइंडीज में हुए टी20 विश्व कप की तरह चार स्पिनरों कुलदीप यादव, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वॉशिंगटन सुंदर को चुना है।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वानखेड़े स्टेडियम पर टीम का ऐलान करने के बाद मीडिया से कहा ,'' हम ऐसी टीम चाहते थे जिसमें हमारे पास दोनों विकल्प हों यानी नयी गेंद से गेंदबाजी का और डैथ ओवरों का भी।''

जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे के लिये उपलब्ध नहीं हैं और 12 फरवरी को अहमदाबाद में आखिरी मैच में ही लौटेंगे। नागपुर और कटक में पहले दो वनडे के लिये हर्षित राणा को चुना गया है। रोहित ने स्वीकार किया कि सिराज की गैर मौजूदगी में टीम में अनुभव की कमी लग रही है लेकिन उन्होंने इस फैसले का कारण भी बताया। उन्होंने कहा ,'' हम चाहते थे कि अर्शदीप सिंह आखिर में और मोहम्मद शमी नयी गेंद से गेंदबाजी करे। अगर सिराज नयी गेंद से गेंदबाजी नहीं कर रहा है तो वह उतना प्रभावित नहीं कर पाता। ''

उन्होंने कहा ,'' हमने इस पर विस्तार से बात की और हम तीन तेज गेंदबाजों को ही लेकर जा रहे हैं क्योंकि हम चाहते हैं कि सारे हरफनमौला उपलब्ध हों। सिराज के लिये यह दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं था। हमें विशेष भूमिका के लिये विशेष खिलाड़ी चाहिये।

## गम में बदली मनु भाकर की खुशी, मामा-नानी का निधन

चरखी दादरी, 19 जनवरी। ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के मामा और नानी की रविवार को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी को गलत दिशा से टक्कर मार दी। घटना चरखी दादरी में हुई, जहां दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। गौरतलब है कि मनु भाकर को हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस खुशी के कुछ दिन बाद ही उनके परिवार पर यह दुखद घटना घटी।

मनु के मामा युद्धवीर आज सुबह अपनी मां सावित्री के साथ स्कूटी पर सवार थे। युद्धवीर हरियाणा रोडवेज में चालक थे और ड्यूटी पर जा रहे थे। सावित्री अपने छोटे बेटे के घर लोहारु चौक जा रही थीं। महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर कलियाणा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने गलत दिशा से आकर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह से क्षितग्रस्त हो गई। युद्धवीर (50 वर्ष) और सावित्री (65 वर्ष) दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

## भारतीय महिला टीम ने अंडर-19 टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया



क्वालालंपुर, 19 जनवरी। पारूनिका सिसोदिया (तीन विकेट), आयुषी शुक्ला और वीजे जोशिता (दो-दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सनिका चलके (नाबाद 18) और जी कामिलीनी (नाबाद16) शानदार पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को अंडर-19 टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हरा दिया हैं। आज यहां भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सकी। भारतीय गेंदबाजों ने महज 13.2 ओवर में वेस्टइंडीज की टीम को 44 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से असाबी कॉलेंडर (12) और केनिका कसार (15) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।

भारत की ओर से तेज गेंदबाज वीजे जोशिता ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके जबकि बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी आयुषी शुक्ला और पारुनिका सिसोदिया ने लगातार दो ओवर के अंतराल पर दो विकेट झटकर 5.1 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 17 पर चार विकेट कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज के तीन खिलाड़ियों को रनआउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जी तृषा (चार) का विकेट गवांने के बाद जी कमालिनी (नाबाद 16) और सनिका चलके( नाबाद 16) ने मिलकर पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर 47 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से जी क्लैसटन को एकमात्र विकेट मिला।

## बोपन्ना-झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में

मेलबर्न, 19 जनवरी। भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और चीन की झांग शुआई की जोड़ी ने रविवार को अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यगो निस की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। आज यहां खेले गये मुकाबले में 44 वर्षीय बोपन्ना और दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व विश्व की नंबर दो झांग की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस के खिलाफ शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई।

भारत-चीन की जोड़ी अब क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स और हंगरी-एल साल्वाडोरियन जोड़ी टिमिया बाबोस और मार्सेलो अरेवालो के बीच होने वाले मैच के विजेताओं से मुकाबला करेंगी। इससे पहले, बोपन्ना और झांग ने पहले दौर में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिग को 6-4, 6-4 से हराया था।

**मीरा एंड्रीवा को हराकर सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में:-** बेलारुस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को रूस की मीरा एंड्रीवा को हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में सबालेंका ने रूस की मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में यह उनकी लगातार 18वीं जीत है। मैच के दौरान सबालेंका ने 15 विनर्स लगाए और तीन ऐस लगाये।

मैच के बाद सबालेंका ने कहा, मैं आज के खेल के स्तर से बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि परिस्थितियां मेरी सहायक होगी और ऐसा प्रतियोगिता के आखिर तक रहेगा।

## पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी है अर्जुन पुरस्कार विजेता सुचा सिंह को

नई दिल्ली, 19 जनवरी। भारत के पूर्व एथलीट सुचा सिंह को जब लंबे इंतजार के बाद अर्जुन पुरस्कार (लाइफटाइम) से नवाजा गया तो इसे मिलने की खुशी उनकी डबडबाई आंखों और रूंधी आवाज से महसूस की जा सकती थी लेकिन पंजाब सरकार की अनदेखी का दर्द अब भी उनकी जुबां पर आ ही जाता है। अर्जुन पुरस्कार दिये जाने की घोषणा के बाद पंजाब के 74 साल के सिंह कीसारी नाराजगी दूर हो गई थी क्योंकि आखिर देश ने उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया। अर्जुन पुरस्कार के लिए वह 10 साल तक फॉर्म भरते रहे और थककर उम्मीद छोड़ दी थी।



## साजिद और अबरार का कहर, पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 127 रनों से हराया

मुल्तान, 19 जनवरी। कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 127 रनों से जीत लिया हैं। मैच में कुल नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया।

251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर पायी और पूरी टीम 36.3 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली। टेविन इमलाक (14), मिकाइल लुईस (13), क्रेग ब्रैथवेट (12), केविन सिंक्लेयर (10) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।



पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट लिये। अबरार अहमद ने 11.3 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया। आज यहां इससे पहले गेंदबाजों की मददगार पिच पर जोमेल वारिकन (32 रन देकर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया। वेस्टइंडीज को जीत के लिए 251 रनों का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान ने कल के दूसरी पारी में तीन विकेट 109 रन के आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में सऊद शकील (दो) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें वारिकन ने ग्रीव्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद वारिकन ने मोहम्मद रिजवान (दो) को भी अपना शिकार बना लिया। बल्लेबाजी करने आये आगा सलमान ने कामरान गुलाम के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 38वें ओवर में वॉरिकन ने कामरान गुलाम (27) को आउटकर पाकिस्तान को छठा झटका दिया। नोमान अली (दो), साजिद खान (पांच), खुर्रम शहजाद (शून्य) पर आउट हुये।

## भारतीय महिलाओं ने नेपाल को हराकर जीता खो-खो विश्वकप का खिताब

नई दिल्ली, 19 जनवरी। गति, रणनीति और कौशल के बेहतरीन प्रदर्शन के साथ भारतीय महिला खो खो टीम ने रविवार रात इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में खो खो विश्व कप 2025 का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।

ब्लू जर्सी में खेल रहीं भारतीय महिलाओं ने शानदार फाइनल मुकाबले में नेपाल पर दबदबा बनाया और 78-40 के एकतरफा स्कोर के साथ जीत दर्ज की।

भारतीय अटैकर्स ने पहले टर्न में शानदार शुरुआत की। तीन बैच में, नेपाल की महिलाएँ 7 मौकों पर आसान टच से आउट हो गईं, जिसमें भारत के नाम 14 अंक रहे। कप्तान प्रियंका इंगले अपनी टीम के लिए बेहतरीन फॉर्म में थीं और उनके नाम कई टच पॉइंट थे, क्योंकि भारतीयों ने शानदार शुरुआत की। यह ब्लू जर्सी में महिलाओं को 34 अंक तक ले जाने और नेपाल टीम के लिए एक भी ड्रीम रन रोकने के लिए पर्याप्त था।

## इंडिया ओपन 2025: ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया

जयपुर, 19 जनवरी। पेरिस ओलंपिक चैंपियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन और दक्षिण कोरिया की एन से यंग ने रविवार को केडी जाधव इंडोर हॉल में योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2025 में शानदार खेल दिखाते हुए क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीत लिया। 10 साल में अपना छठा इंडिया ओपन फाइनल खेल रहे एक्सेलसन ने हांगकांग के ली चेउक यिउ को 21-16, 21-8 के अंतर से हराकर अपना तीसरा इंडिया ओपन पुरुष एकल खिताब जीता, जबकि एन से यंग को महिला एकल फाइनल में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग को 21-12, 21-9 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। जोड़ीदार स्पर्धाओं में, अरिसा इगाराशी और अयाका सकुरामोटो की गैर-वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ने महिला युगल के खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया की किम हये जंग और कोंग ही यंग को 21-15, 21-13 से हराकर अपने शानदार प्रदर्शन का सिलसिला जारी रखा। इगाराशी, जिन्हें पहले अरिसा हिगाशिनो के नाम से जाना जाता था, के साथ जापानी जोड़ी का यह तीसरा टूर्नामेंट था, जो मिश्रित युगल से महिला युगल में





सफलतापूर्वक प्रवेश कर रही है।

हालांकि, चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त जियांग जेन बैंग और वेई या शिन ने मिश्रित युगल के फाइनल में थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू की गैर-वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी को 21-18, 21-17 से हराकर खिताबी जीत हासिल की।मलेशियाई पुरुष युगल जोड़ी गोह से फी और नूर इज़्ज़ुद्दीन ने दक्षिण कोरिया के किम वोन हो और सेओ सेउंग जे को 21-15, 13-21, 21-16 से हराकर एकमात्र मैच में खिताब जीता, जो निर्णायक गेम तक गया।

एक बार जब एक्सेलसन ने शुरुआती गेम जीत लिया, तो वह आसानी से दूसरे गेम में जीत गए और 66,500 और 11,000 रैंकिंग पॉइंट्स की पुरस्कार राशि अपने नाम कर ली। महिला एकल का फ़ाइनल भी एकतरफ़ा रहा, जिसमें पेरिस ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की एन से यंग ने थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग पर सिर्फ़ 39 मिनट में 21-12, 21-9 से अपना दबदबा कायम रखा।

2023 इंडियन ओपन चैंपियन चोचुवोंग के खिलाफ 9-0 के हेड-टू-हेड रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंची और शुरुआती कुछ मुकाबलों में मैच पर नियंत्रण कर लिया। उसने 11-4 की बढ़त हासिल की और फिर 11 गेम पॉइंट हासिल किए। थाई खिलाड़ी ने उनमें से तीन बचाए लेकिन अंतर इतना बड़ा था कि वह वापसी नहीं कर सकी। दूसरे गेम में, यंग ने दूसरे गेम में 7-1 की बढ़त हासिल की और फिर पूरी तरह से नियंत्रण में रहते हुए 2025 के अपने सभी जीत के रिकॉर्ड को जारी रखा और पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन के खिताब के साथ अपना दूसरा इंडिया ओपन खिताब भी जीता। 22 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी ने इस साल अपने 10 मैचों में एक भी गेम नहीं गंवाया है।

**परिणामः** पुरुष एकलः 3-विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क) ने ली चेउक यिउ (हांगकांग) को 21-16, 21-8 से हराया। महिला एकलः1-एन से यंग (कोरिया) ने 8-पोर्नपावी चोचुवोंग (थाईलैंड ) को 21-12, 21-9। पुरुष युगलः 3-गोह सेज़ फ़ेई/नु इज़ुद्दीन (मलेशिया ) बनाम किम वोन हो/सियो सेउंग जे (कोरिया) 21-15, 13-21, 21-16 से मलेशिया ने जीता। महिला युगलः अरिसा इगारशी/अयाको सकुरामोतो (जापान ) ने 8-किम हये जांग/कोंग ही यंग (कोरिया ) को 21-15, 21-13 से हराया। **मिश्रित युगलः** 2-जियांग जेन बैंग/ वेई या शिन (चाइना) ने थॉम गिक्वेल/ डेल्फिन डेलरू (फ्रांस) को 21-18, 21-17 से हराया।

## सीआरपीएफ ने जीते पांच स्वर्ण, यूपी को चार स्वर्ण

लखनऊ, 19 जनवरी। सीआरपीएफ के खिलाड़ियों ने सातवीं नेशनल ओपन ताइक्वांडो चैंपियनशिप-2025 के दूसरे दिन रविवार को पांच स्वर्ण पदक जीतकर अपनी धाक जमाई। मिनी इंडोर स्टेडियम, राजाजीपुरम में आयोजित चैंपियनशिप में मेजबान उत्तर प्रदेश के लिए अनय यादव, नम्यता यादव, अंशिका मौर्या व प्रिया सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। मेजबान ने आज चार स्वर्ण, सात रजत व 11 कांस्य पदक जीते।

चैंपियनशिप में आज सर्विसेज ने तीन स्वर्ण पदक जीते जबकि साई लखनऊ को दो स्वर्ण एवं अरुणाचल प्रदेश व साई काशीपुर को एक-एक स्वर्ण मिले। सीनियर पुरुष अंडर-74 किग्रा वर्ग में सीआरपीएफ के अनुराग कपूर ने स्वर्ण, जम्मू-कश्मीर की मन्नत शर्मा ने रजत एवं उत्तर प्रदेश के कौशलेंद्र सिंह व राजस्थान के अर्जुन सोनी ने कांस्य पदक जीते। सीनियर महिला 73 किग्रा से अधिक वर्ग में सीआरपीएफ की सरजू बाला देवी ने स्वर्ण, मध्य प्रदेश की द्रोणादुला श्रव्या ने रजत एवं राजस्थान की वसुंधरा व्यास व उत्तर प्रदेश की आकांक्षा सिंह ने कांस्य पदक जीते। सीनियर महिला अंडर-53 किग्रा वर्ग में साई लखनऊ की सीमा कनौजिया ने स्वर्ण, मध्य प्रदेश की आकांक्षा पटेल ने रजत एवं उत्तर प्रदेश की तृप्ति कुमारी व आंचल यादव ने कांस्य पदक जीते।

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में हारे, इंडिया ओपन में भारतीय अभियान खत्म



नई दिल्ली, 19 जनवरी। भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का अभियान शनिवार को यहां इंडिया ओपन सुपर 750 में मलेशिया के गोह सेज फेई और नूर इज्जुद्दीन से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल में समाप्त हो गया। 2022 की इस चैंपियन भारतीय जोड़ी को मलेशियाई जोड़ी ने मात्र 37 मिनट में 18-21, 14-21 से हरा दिया। भारतीय जोड़ी ने अच्छी शुरुआत कर बढ़त बनाई, पर मलेशियाई जोड़ी ने अगले छह में से पांच अंक लेकर ब्रेक तक एक अंक की बढ़त ले ली। सात्विक और चिराग ने ब्रेक के बाद कुछ समय के लिए बढ़त हासिल की और 15-12 पर पहुंच गए। हालांकि मलेशियाई जोड़ी ने सात अंक जुटाकर मजबूत वापसी करते हुए पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में मलेशियाई टीम ने 5-0 की बढ़त बना ली, सात्विक की बदौलत भारतीयों ने अंतर 4-8 तक कम कर दिया। मलेशियाई टीम ने फिर ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाये रखी। लंबे कद के भारतीय जोड़ी ने स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया। लेकिन मलेशियाई टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। सात्विक और चिराग का यह सत्र का लगातार दूसरा सेमीफाइनल है।

## महिपाल कप्तान व मानव उपकप्तान

जयपुर, 19 जनवरी। बीसीसीआई की राष्ट्रिय सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी के आगामी 23 जनवरी से जयपुर में विधर्भ टीम के विरुद्ध खेले जाने वाली रणजी मैच हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ ने राजस्थान रणजी टीम घोषित कर दी।

**रणजी ट्रॉफी हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा घोषित टीम :-** महिपाल लोमरोर (कप्तान ), मानव सुथार ( उप कप्तान ), अभिजीत तोमर, राज कुमार सैनी, कार्तिक शर्मा, दीपक हुड्डा, शुभम गढ़वाल, समर्प्रित जोशी, जुबेर अली, अजय कूकना, अनिकेत चौधरी, सईद खलील अहमद, अराफत खान, राहुल चाहर, राम मोहन चौहान।

**स्टैंड बाई खिलाडी :-** माननेद्रसिंह, कन्हयालालस्वामी, अमन सिंह शेखावत, चिराग शर्मा, शिवा चौहान।

**अंडर 23 ट्रॉफी हेतु राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा घोषित टीम :-** करण लाम्बा ( कप्तान), सुमित गोदारा ( उपकप्तान), सचिन यादव, जयंत ताम्बी, सर्वज्ञ पानेरी, युवराज सिंह खींची, आयुष अमेरिया, मुकुल चौधरी, मिनाफ शेख, मनीष आचार्य, मोहित चांगरा, अशोक शर्मा, चेतन शर्मा, दीपेंदर सिंह, राहुल चौधरी।

**स्टैंड बाई खिलाडी :-** भुवन शर्मा, जतिन सैनी, मुहम्मद गाज़ी, महेंद्र महला, गणेश सुथार, पार्थ यादव।

## रामबाग पोलो ने एक गोल से जीता महाराज पृथी सिंह ऑफ बारिया कप



### जयपुर पोलो सीजन 2025

जयपुर, 19 जनवरी। गुलाबी शहर में हाल ही में शुरु हुए जयपुर पोलो सीजन 2025 के अंतर्गत महाराज पृथी सिंह ऑफ बारिया कप का फाइनल रविवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला गया। यह मुकाबला टीम रामबाग पोलो और कैवेलरी रॉयल एनफील्ड के बीच खेला गया, जिसमें रामबाग पोलो ने 7-6 के स्कोर से कैवेलरी रॉयल एनफील्ड को शिकस्त देकर कप अपने नाम कर लिया। मैच में मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर (एमवीपी) का खिताब टीम रामबाग पोलो से ध्रुवपाल गोदारा ने जीता।

इस अवसर पर पूर्व नौसेना प्रमुख, एडमिरल माधवेंद्र सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, एडीसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। वहीं, राजस्थान की पूर्व कैबिनेट मंत्री, बीना काक विशिष्ट अतिथि रहीं। उन्होंने मैदान में बॉल फैंक कर मैच को प्रारंभ कराया। विजेता टीम रामबाग पोलो से शमशीर अली ने 4 गोल और ध्रुव पाल गोदारा ने 3 गोल से टीम को जीत दिलाई।

वहीं टीम के अन्य खिलाड़ियों में आर के सिद्धांत सिंह और सलीम आजमी भी शामिल रहे। इसी प्रकार, कैवेलरी रॉयल एनफील्ड से डेनियल ओटामेंडी ने 4 गोल किए। मेजर अनंत राजपुरोहित और नवीन सिंह ने 1-1 गोल किया। टीम से मेजर एमएस चौहान भी खेले। मैच में अम्पायरिंग लांस वाटसन और पाठक ने की, जबकि रेफरी सिमरन शेरगिल थे।

## शमशीर अली की ''बर्फी'' को 10वीं बार मिला बेस्ट पोलो पोनी अवॉर्ड



जयपुर, 19 जनवरी। पोलो में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली घोड़ियों को दिया जाने वाला अवॉर्ड है। जयपुर पोलो सीजन 2025 , महाराज पृथी सिंह बारिया कप (06 गोल) में रामबाग पोलो ग्राउंड पर कैवेलरी रॉयल एनफील्ड ओर रामबाग पोलो टीम के बीच रविवार को फाइनल मैच खेला गया जिसमे शमशीर अली की बुर्ली को बेस्ट पोलो पोनी अवॉर्ड दिया गया। शमशीर अली ने बताया कि बर्फ़ी को बेस्ट पोलो पोनी अवॉर्ड 10वीं बार मिला है। जिसमें दिल्ली में तीन- चार बार, जोधपुर में 2 बार और जयपुर में 5वीं बार बर्फ़ी को बेस्ट पोलो पोनी अवॉर्ड मिला है। शमशीर ने खुशी जाहिर करए हुए कहा कि बर्फ़ी को बेस्ट पोलो पोनी अवॉर्ड मिलता है तब लगता है कि हमने बर्फ़ी की ट्रेनिंग सही तरीके से की है। आगे भी ये सफर जारी रहने की उम्मीद है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने महाकुंभ में स्नान किया

## उन्होंने राज्य के यात्रियों के अल्पकालिक प्रवास के लिये निर्मित राजस्थान मंडप में रात्रि विश्राम किया

प्रयागराज/जयपुर (कासं), 19 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर स्नान किया। उन्होंने सपरिवार मां गंगा की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। भजनलाल शर्मा ने नाव से त्रिवेणी संगम का अवलोकन किया और बड़े संगम तट पर स्थित लेटे हनुमानजी के दर्शन भी किए। उन्होंने राजस्थान मण्डप में संत-महात्माओं का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है। हमारी संस्कृति "सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:" के भाव के साथ सबको को सुख-शान्ति से रहने का संदेश देती है। उन्होंने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की।

शनिवार देर रात को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयागराज महाकुम्भ में राजस्थान मण्डप का अवलोकन किया। उन्होंने यात्रियों के लिये बनाए पंडाल तथा यात्रियों के ठहराव की शानदार व्यवस्थाओं पर खुशी जताई।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के यात्रियों को राज्य सरकार द्वारा अल्पकालिक प्रवास के लिए सुविधाएं प्रदत्त करने के उद्देश्य से निर्मित किये गए राजस्थान मंडप में ही रात्रि विश्राम किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर स्नान किया। उन्होंने सपरिवार मां गंगा की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना की।*

भजनलाल शर्मा ने रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामभद्राचार्य, निरंजनी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर कैलाशगिरी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयागराज में जूनापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानन्द, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य तथा निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाश गिरी से भेंट कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण भी किया।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के साथ विरासत के संरक्षण का विजन देखने को मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ एकता और समता का संगम हैं तथा इसका साक्षी बनना अभिभूत करने वाला हैं।

मुख्यमंत्री शर्मा की इस दौरान असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से भी मुलाकात हुई।

## नाइजीरिया में गैसोलीन टैंकर पलटा, विस्फोट में 80 मरे

अबुजा, 19 जनवरी। नाइजीरिया के उत्तर-मध्य राज्य नाइजर में शनिवार को व्यस्त सड़क पर गैसोलीन से लदे एक टैंकर के पलट जाने से 80 से अधिक लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये, राष्ट्रपति बोला टीनूबू ने रविवार को 80 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की। उन्होंने यहां जारी एक बयान में घटना और भारी मानवीय क्षति पर 'गहरा दुख' व्यक्त करते हुए विस्फोट को 'विनाशकारी' बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के डिक्को क्षेत्र में कई लोग गिरे हुए गैसोलीन टैंकर से ईंधन निकालने की कोशिश करते समय भीषण आग में फंस गए थे।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति ने सभी नागरिकों को सावधानी बरतने और दुर्घटनास्थलों, खासकर ईंधन से भरे वाहनों के पास जाने से बचने की सलाह दी, क्योंकि वे अत्यधिक विस्फोटक होते हैं।इसके अतिरिक्त, राष्ट्रपति ने नेशनल ओरिएंटेशन एजेंसी को एक राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान शुरू करने का आदेश दिया है। यह अभियान गिरे हुए टैंकरों से ईंधन निकालने के गंभीर जोखिमों और पर्यावरणीय खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाएगा।

- **राष्ट्रपति टीनूबू ने बताया कि कई लोग गिरे हुए टैंकर से गैसोलीन निकालते समय भीषण आग में फंसने से मरे ।**

गौरतलब है कि नाइजीरिया में गैसोलीन टैंकर विस्फोट असामान्य नहीं हैं। इससे अक्सर बड़ी संख्या में लोग हताहत होते हैं। सितंबर 2024 में, नाइजर राज्य में एक व्यस्त राजमार्ग पर गैसोलीन से भरे टैंकर में विस्फोट होने से कम से कम 48 लोग मारे गये थे।

# 21-22 जनवरी को राजस्थान में हल्की बारिश के आसार

## दिल्ली -एनसीआर में रविवार को धूप निकलने से लोगों को बहुत राहत मिली

नई दिल्ली, 19 जनवरी। कुछ दिनों से संपूर्ण उत्तर भारत कड़ाके की ठंड, कोहरे और शीतलहर की चपेट में है। हालांकि, अब मौसम का मिजाज बदला-बदला दिख रहा। खास तौर से दिल्ली-एनसीआर में रविवार को धूप निकलने से लोगों को बड़ी राहत मिली। इस दौरान अधिकतम तापमान 26 डिग्री को पार कर गया।

तथापि, मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में मौसम फिर करवट बदलेगा। उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का दौर अभी जाने वाला नहीं है। राष्ट्रीय राजधानी में ठंड फिर से बढ़ेगी। वहीं उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, राजस्थान सहित कई राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

राजस्थान में इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान गिरने से ठंड में और इजाफा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले हफ्ते राज्य के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। खास तौर से 21 और 22 जनवरी को एक नया वैस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा। इसकी वजह से राज्य के उत्तर-पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है।

- **मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान में बारिश से लोगों को ठंड में राहत मिलेगी पर सर्दी का असर अभी जारी रहेगा।**
- **राजस्थान में सबसे कम तापमान अलवर में 7.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।**

मौसम विभाग ने बताया कि इस बारिश से ठंड में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन सर्दी का असर अभी जारी रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि 21 जनवरी को राजस्थान के जयपुर, भरतपुर संभाग, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, 22 जनवरी को भी 21 जनवरी जैसा हाल रहने की संभावना है।

बीते 24 घंटों में राजस्थान के विभिन्न हिस्से में तापमान में गिरावट देखी गई है। राजस्थान के अलवर में 7.2 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। गंगानगर और करौली में 7.7 डिग्री, जैसलमेर में 7.9 डिग्री, संगरिया में 8.8 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 9.2 डिग्री, पिलानी और कोटा में 9.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। जयपुर शहर में बीते 24 घंटे में ठंडी हवाएं चलने के कारण सर्दी बढ़ गई है। हल्की धूप ने थोड़ी राहत जरूर दी है।

### पहले बेटा-बहू ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बयान में अपने ससुर पर गोली मारने का आरोप लगाया।

घायल लवलप्रीत के ताऊ गुरजंट सिंह, जो पड़ोस में ही रहते हैं, ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे कश्मीर सिंह के घर से गोली चलने की आवाज आई। वह दौड़कर गए तो वहां लवलप्रीत और गुरप्रीत को घायल अवस्था में पाया। लवलप्रीत को पसलियों में और गुरप्रीत को पीठ में गोली लगी थी। उन्होंने दोनों को एक निजी अस्पताल में पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने लवलप्रीत सिंह की हालत गंभीर बताई है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद पहले कश्मीर सिंह फरार हो गया था लेकिन बाद में करीब साढ़े तीन बजे कश्मीर सिंह ने लौटकर घर में फांसी लगा ली। इसके बाद उसे सर्वोदय अस्पताल लाया गया, जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है और उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

### गंगा में नाव...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जा रहे थे।

राहत व बचाव कार्य जारी है, लेकिन तेज धारा और गहराई के चलते लापता लोगों को खोजने में परेशानी हो रही है।

घटना के बाद से ही ग्रामीणों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया और बचाव कार्य में सक्रिय रूप से भाग लिया। हादसे ने इलाके में सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# 'जब बिहार में जाति जनगणना हुई, तब महागठबंधन की सरकार थी'

## प्रशांत किशोर ने राहुल गांधी पर निशाना साधा, कि उन्हें पूरी जानकारी तक नहीं है

पटना, 19 जनवरी।जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें पता होना चाहिए कि जब बिहार में जाति जनगणना हुई थी, तब प्रदेश में महागठबंधन की सरकार थी। किशोर ने रविवार को बिहार सत्याग्रह आश्रम से राज्यव्यापी बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसका नेतृत्व जन सुराज के युवा अध्यक्ष आनंद मिश्रा कर रहे हैं।

किशोर ने कहा, गांधी को पता होना चाहिए कि जब बिहार में जाति जनगणना हुई थी, तब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी। जब वह कहते हैं कि बिहार में अत्याचार हो रहे हैं, तो उन्हें इसकी जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए क्योंकि बिहार और देश में लंबे समय तक कांग्रेस की ही सरकार रही है। यदि कांग्रेस सिख दंगों के लिए माफी मांग सकती है तो ऊसे बिहार में जंगलराज के दौरान किए गए अत्याचारों के लिए भी माफी मांगनी चाहिए, क्योंकि उस समय बिहार में उनकी पार्टी के समर्थन से सरकार चल रही थी।

प्रशांत किशोर ने बताया कि आनंद मिश्रा के नेतृत्व में 100 बाइकर्स पूरे बिहार में 20 हजार किलोमीटर की यात्रा करेंगे। यात्रा का उद्देश्य बिहार के युवाओं के साथ हो रहे अन्याय और अत्याचार के खिलाफ उनकी आवाज बनना है। अपनी पदयात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, जिस तरह मैंने पूरे बिहार में पैदल यात्रा की, उसी तरह मिश्रा भी बाइक यात्रा कर बिहार के युवाओं से जुड़ेंगे।

- **प्रशांत किशोर ने पटना से राज्यव्यापी बाइक रैली को रवाना किया। उन्होंने कहा 100 बाइकर्स पूरे बिहार की 20 हजार किलोमीटर यात्रा करेंगे।**
- **उन्होंने कहा राहुल गांधी को बिहार में जंगल राज के दौरान हुए अत्याचार पर माफी मांगनी चाहिये क्योंकि तब उनकी पार्टी के समर्थन से सरकार चल रही थी।**

मिश्रा ने कहा कि यह पूरी यात्रा किशोर के मार्गदर्शन में हो रही है।

## राहुल गांधी के खिलाफ असम में एफआईआर दर्ज

गुवाहाटी, 19 जनवरी। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उनके हालिया बयान को लेकर एफआईआर दर्ज हुई है। ज्ञातव्य है कि कुछ दिन पहले ही राहुल ने कहा था कि भाजपा और आरएसएस ने हर एक संस्थान पर कब्जा कर लिया है और वो (राहुल) अब भाजपा, आरएसएस और भारतीय राज्य से लड़ रहे हैं। इस बयान पर देश भर में बवाल मच गया है और असम में उनके खिलाफ केस भी दर्ज हुआ है। जानकारी के मुताबिक, गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। राहुल गांधी ने यह बयान 15 जनवरी को दिल्ली के कोटला रोड स्थित कांग्रेस पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान दिया था। शिकायतकर्ता मोनजीत चेतिया ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का बयान अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं को पार कर गया है।

# मांझी ने 20 सीटों पर दावा कर एनडीए की मुश्किलें बढ़ाईं

## उन्होंने कहा, दिल्ली और झारखंड में तो मान गये, पर बिहार में धोखा नहीं चलेगा

नई दिल्ली, 19 जनवरी। केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी अवामी मोर्चा (धर्मनिरपेक्ष) पार्टी के संस्थापक जीतन राम मांझी ने एनडीए की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। उन्होंने बड़ा बयान देते हुए कहा है कि उनकी पार्टी को एनडीए से आगामी विधानसभा चुनाव में 20 सीट मिलनी चाहिए। उन्होंने एनडीए की मुश्किलें बढ़ाते हुए कहा है कि दिल्ली और झारखंड में तो मान गए लेकिन, बिहार में धोखा नहीं चलेगा।

- **जीवनराम मांझी ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते उन्होंने सभी वर्गों का ध्यान रखा था, इसलिये उनके कार्यकर्ता तो 40 सीट मांग रहे हैं।**

बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने कहा है कि बिहार विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को 20 सीटें मिलनी चाहिए जबकि उनके कार्यकर्ताओं ने 40 सीटों का दावा कर रखा है। जीतन राम मांझी ने कहा है कि बतौर मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने सभी वर्गों का ध्यान रखा है। छात्रों की समस्याएं हों या फिर आम लोगों की समस्याएं, सभी को प्रमुखता दी है।

उन्होंने कहा है कि हम जनता के बीच जा रहे हैं। उनसे संवाद कर रहे हैं। उनकी मांगों को हम प्रमुखता से देख रहे हैं। उन्होंने कहा, भुइंया और मुसहर की संख्या लगभग 60-70 लाख के बीच है। ऐसे में हमें उनका ख्याल रखना जरूरी है।

बता दें कि केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र के शकूराबाद बाजार में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस मौके पर पूर्व डीएसपी प्रशांत भूषण श्रीवास्तव और शिक्षक सुनील कुमार ने उनकी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बिहार के पूर्व सीएम जीतनराम मांझी ने कहा कि हम अपने समाज को, अपने प्रदेश की जनता को दिखाना चाहते हैं। हम बिहार का विकास चाहते हैं। हम चाहते हैं कि हमारी मांगों को प्रमुखता दी जाए। झारखंड और दिल्ली जैसी बात हुई तो धोखा होगा।

# छत्तीसगढ़ में भूमिहीन किसानों को 10 हजार रु. प्रति वर्ष मिलेंगे

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस कार्य के लिये बजट में 500 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है

रायपुर, 19 जनवरी। छत्तीसगढ़ में भूमिहीन किसानों के लिए राज्य सरकार खास तोहफा लेकर आई है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत राज्य में हर भूमिहीन किसान को सालाना 10 हजार रुपये मिलेंगे। सीएमओ छत्तीसगढ़ की तरफ से बताया गया कि दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा के अनुरूप भूमिहीन कृषि मजदूरों को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

सीएम विष्णु देव साय ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया "हमारी सरकार "दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना" के अंतर्गत भूमिहीन परिवारों को प्रतिवर्ष 10000 की आर्थिक सहायता राशि देने जा रही है। इसके लिए हमारी सरकार के बजट में 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है।"

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार को एक साल पूरा हो चुका है। इस मौके पर सक्ती जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य के ग्रामीण भूमिहीन श्रमिकों को अब 10-10 हजार रुपये की राशि सालाना दी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के पांच लाख 62 हजार श्रमिकों को फायदा मिलेगा। सीएम ने कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, वह मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रहे हैं।

विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान भी भारतीय जनता पार्टी ने यह वादा किया था कि सत्ता में आने पर भूमिहीन किसानों को सालाना 10 हजार रुपये दिए जाएंगे और अब सरकार यह वादा पूरा कर रही है।

## आरजेडी सांसद संजय यादव से 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी

पटना, 19 जनवरी। राष्ट्रीय जनता दल के राज्यसभा सांसद संजय यादव से जोगा डॉन ने 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। इस मामले में सचिवालय थाने में केस दर्ज किया गया है। संजय यादव राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के करीबी माने जाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय कुख्यात अपराधी जोगिंदर ग्योंग उर्फ जोगा डॉन ने विदेशी नंबर से कॉल कर संजय यादव को धमकी दी और अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा है। राजद सांसद संजय यादव को मिली धमकी के मामले पर राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि जोगा डॉन ने कॉल कर उनसे 20 करोड़ रुपये मांगे हैं और अंजाम भुगतने की धमकी दी है। शासन को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

# गाजा पट्टी से इज़रायली सेना व उपकरणों की वापसी शुरु हुई

## कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्ध विराम पर इज़रायल व हमास की सहमति से शांति की आशा जगी

जेरूसलम, 19 जनवरी। अल जज़ीरा ने जानकारी दी कि इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने दक्षिणी गाज़ा पट्टी में राफा शहर के केंद्र से सैनिकों और उपकरणों को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। चैनल के मुताबिक, इज़रायली सेना फिलाडेल्फी कॉरिडोर की ओर पीछे हट रही है, जो मिस्र और गाज़ा पट्टी के बीच की सीमा पर स्थित है।

इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शनिवार को कहा कि हमास आंदोलन के साथ एक समझौते के हिस्से के रूप में गाज़ा पट्टी और मिस्र की सीमा पर फिलाडेल्फी कॉरिडोर से इज़रायली बलों की कथित वापसी के बारे में मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, इज़रायल ने न केवल इस क्षेत्र में सैन्य उपस्थिति बनाए रखने के लिये योजना बनाई है बल्कि इसे मजबूत करने की भी योजना बनाई है।

- **इज़रायल और हमास के संघर्ष में पिछले 15 महीने में 46 हजार फिलिस्तीनी तथा 1500 इजरायली मारे जा चुके हैं।**

गौरतलब है कि फिलिस्तीनी गाज़ा पट्टी में संघर्ष के पक्ष, इज़रायल और हमास, कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता के साथ 19 जनवरी से 42 दिनों के लिए युद्धिवराम पर सहमत हुए और अंतत: शत्रुता को समाप्त करने की अपनी इच्छा व्यक्त की। इस दुश्मनी के कारण पिछले 15 महीनों में 46 हजार फिलिस्तीनियों और लगभग 1,500 इजरायलियों की जान चली गई तथा इजरायल और ईरान के बीच मिसाइल हमले हुए।

समझौते के पहले चरण में लगभग एक हजार फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में 33 इज़रायली बंधकों की रिहाई मिली है।

इज़रायली सैनिकों को गाजा पट्टी की सीमाओं पर वापस जाना होगा। युद्धिवराम के पहले दिन से मानवीय सहायता वितरण बढ़ कर प्रति दिन 600 ट्रक हो जाएगा, जिसमें 50 ईंधन के ट्रक भी शामिल होंगे। फिलिस्तीनियों को 200 हजार टेंट और 60 हजार मोबाइल घर मिलेंगे।

समझौते के गारंटर कतर, मिस्र और अमेरिका हैं, जो काहिरा में एक समन्वय केंद्र बनाएंगे। युद्धिवराम के 16वें दिन, इज़रायल और हमास ने समझौते के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करने के लिए प्रतिबद्धता जताई, जिसमें संभवत: शेष बंधकों की रिहाई, एक स्थायी युद्धिवराम और पूर्ण इज़राइली वापसी शामिल होगी। शांति प्रक्रिया के गारंटर तीसरे चरण के बारे में भी बात कर रहे हैं, जिसमें अवशेषों का आदान-प्रदान, गाज़ा पट्टी का पुनर्निर्माण और इसकी नाकाबंदी को समाप्त करना शामिल होगा।

### केन्द्र से वार्ता...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल के चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के निर्णय का स्वागत करता है और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है।

गौरतलब है कि किसानों का एक समूह 15 जनवरी को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के साथ खनौरी सीमा के पास आमरण अनशन पर बैठा था। डल्लेवाल और उनके समर्थक खनौरी सीमा पर आमरण अनशन कर रहे थे। ज्ञातव्य है कि, किसान आंदोलन 13 फरवरी 2024 से शंभू और खनौरी सीमा पर चल रहा है, जब सुरक्षा बलों ने किसानों को दिल्ली तक मार्च करने की अनुमति नहीं दी थी।

### मुकेश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के दौरान भी मुकेश अंबानी ने उनकी मेजबानी की थी। ट्रंप परिवार और अंबानी परिवार के बीच अच्छे संबंध रहे हैं। पिछले साल मार्च में अंबानी परिवार के प्री-वेडिंग समारोह में इवांका ट्रंप, उनके पति जेरेड कुशनर और उनकी बेटी अरबेला भी शामिल हुई थीं।

### केजरीवाल पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कार्यकर्ताओं पर चल रहा है। वह (केजरीवाल) नहीं चाहते कि आतिशी, मनीष सिसोदिया या सौरभ भारद्वाज चुनाव जीतें, इसलिए उन्हें चुनाव प्रचार से हटा कर सिर्फ संवाददाता सम्मेलन और बैठकों में उलझा कर रखते हैं।

# राहुल गांधी ने मोदी के खिलाफ व्हाइट शर्ट कैम्पेन शुरु किया

## उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने गरीब व मेहनतकश वर्ग से मुंह मोड़ लिया, इन्हें न्याय व अधिकार देने के लिये यह प्रयास है

नई दिल्ली, 19 जनवरी। लोकसभा में विपक्ष के सांसद राहुल गांधी ने बीते दिनों लगातार कामगारों के बीच खुद की मौजूदगी दिखाने और उनकी समस्याओं को सुनने की कोशिश की है।

ऐसे में दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में इस तबके से जुड़े कैम्पेन की शुरुआत की है। पार्टी का दावा है कि इस कैम्पेन के जरिए विभिन्न सेक्टर में काम कर रहे श्रमिकों को एकजुट किया जाएगा, जिससे इस वर्ग को न्याय और अधिकार मिल सके। पार्टी के मुताबिक आर्थिक असमानता और सामाजिक न्याय के मकसद के लिए इस कैम्पेन को शुरू किया जा रहा है, जिसे व्हाइट शर्ट कैंपेन का नाम दिया गया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कैम्पेन की जानकारी देते हुए राहुल गांधी ने लिखा है कि, मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से मुंह मोड़ लिया है और पूरी तरह उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है। राहुल ने इस तबके से इस मूवमेंट से जुड़ने की अपील की है और इसके बारे में जानकारी भी दी है। राहुल गांधी ने इस मुहिम से जुड़ने के लिए एक वेबसाइट और मिस्ड कॉल नंबर भी जारी किया है, जो भी शख्स इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहता है, वह इस वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकता है या दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल कर सकता है।

- **राहुल गांधी ने इस मुहिम से जुड़ने के लिये एक वैब साइट और मिस्ड कॉल नम्बर जारी किया। इस कैम्पेन को अग्रणी न्याय आंदोलन बताया जा रहा है।**

इस पोस्ट पर दिए लिंक से जो जानकारी सामने आती है, उसके मुताबिक पार्टी इस कैम्पेन को एक अग्रणी न्याय आंदोलन कह कर ब्रांड कर रही है। इसे एक ऐसे प्लेटफॉर्म की तरह प्रोजेक्ट किया जा रहा है जो विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों को एकजुट करेगा। पार्टी का कहना है कि जो युवा आर्थिक असमानता, सोशल जस्टिस और धार्मिक भेदभाव के खिलाफ हैं, वो साथ आएं और व्हाइट टी शर्ट पहन कर आंदोलन से जुड़ें।

इसे अपनी तरह का पहला राजनीतिक प्रशिक्षण कार्यक्रम बताया जा रहा है। इसमें चुने गए युवा काम के बंदे कहलाए जाएंगे और ये मेट्रो और टियर 2 शहरों में गिग कार्यकर्ताओं तक पहुंचने और उन्हें संगठित करने का काम करेंगे।

पार्टी का कहना है कि ये कार्यक्रम मूल्यों की राजनीति को मुख्यधारा में लाने की कोशिश करेगा।

इस प्रक्रिया के पहले स्टेज में आवेदन करने वाले लोगों में से 500 आवेदन कर्ताओं को चुना जाएगा। इन लोगों को उनकी मुद्दों को लेकर समझ के आधार पर चुना जाएगा। दूसरे स्टेज में चुने एक युवा एक प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल होंगे जिसमें परियोजना लक्ष्य और डेटा संग्रह जैसी प्रैक्टिस भी होगी।

दिल्ली एन.सी.आर. में रहने वाले 18-25 साल के युवा, इसके लिए, अप्लाई कर सकते हैं। प्रोजेक्ट के दौरान अपने खर्चे पर दिल्ली एनसीआर में रहने वाले लोग भी शामिल हो सकते हैं। वेबसाइट के मुताबिक इसमें हिस्सा लेने वाले किसी भी शख्स को कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक प्रशिक्षु की मान्यता मिलेगी।

**राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908